

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, मंगलवार, 21 जनवरी 2025

संवत 2081, माघ कृष्ण 8- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 136, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ रक्षक ही हों भक्षक, तो बालिकाएं कहां सुरक्षित

ऋषभ पंत लखनऊ सुपर जायंट्स के नये कप्तान ◂◂ 6


## धुर्वा डैम से कॉलेज छात्रा का शव बरामद, सात दिन से थी लापता

### पढ़ाई के लिए मां-बाप ने डांटा तो छोड़ दिया घर, सात दिन बाद मिला शव



संवाददाता

**रांची:** जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र से गायब एक कॉलेज छात्रा का शव रांची के धुर्वा डैम से बरामद किया गया है। छात्रा पिछले सात दिनों से अपने घर से गायब थी। परिजनों ने धुर्वा डैम आकर उसकी पहचान कर ली है। छात्रा एनी अनुष्का हटिया की रहने वाली थी। एनी अनुष्का 14 जनवरी से अपने घर से गायब थी, जिसके बाद परिजनों ने रांची के जगन्नाथपुर थाने में उसकी गुमशुदगी को लेकर आवेदन दिया था। पुलिस और छात्रा के परिजन उसे हर तरफ तलाश कर रहे थे। इसी बीच मंगलवार की सुबह रांची के नगड़ी पुलिस को स्थनीय लोगों ने सूचना दी कि धुर्वा डैम में एक लड़की शव देखा गया है। स्थनीय गोताखोरों की मदद से पुलिस ने शव को बाहर निकाला, जिसकी पहचान एनी अनुष्का के रूप में हुई।

दो दिन पहले धुर्वा से मिला था बैगः मृतक छात्रा का बैग दो दिन पहले रांची के धुर्वा इलाके से बरामद किया गया था, जिसकी पहचान भी परिजनों द्वारा की गई थी। उस दौरान किसी ने यह नहीं सोचा था कि एनी अब इस दुनिया में ही नहीं है।

परिजनों से नाराज होकर घर से निकली थीः एनी के परिजनों ने पहले यह बताया था कि उनकी बेटी पढ़ाई नहीं करना चाहती थी। पढाई के लिए कहने पर वह नाराज हो गई और आत्महत्या की बात कहकर घर से 14 जनवरी को चुपचाप निकल गई।

**आत्महत्या का मामलाः** पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्ट्या मामला आत्महत्या का लग रहा है। छात्रा का शव अपने से ही बाहर आया है। ऐसा लगता है 14 तरीख को ही छात्रा ने सुसाइड किया है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## झारखंड कैबिनेट की बैठक आज

### राज्यकर्मियों के लिए लाया जायेगा मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजन का संशोधित प्रस्ताव



**रांची :** झारखंड सरकार की कैबिनेट बैठक मंगलवार शाम 4:00 बजे से प्रोजेक्ट भवन में होगी। कैबिनेट बैठक में इस बार राज्यकर्मियों के लिए मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजन का संशोधित प्रस्ताव लाया जा रहा है। इस प्रस्ताव में विधायक, सेवानिवृत्त कर्मियों को बीमा का लाभ कितना और कैसे मिलेगा, इससे संबंधित पूरी नियमावली आ रही है। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने राज्यकर्मियों को पांच लाख रुपये तक के स्वास्थ्य बीमा योजना देने का फैसला पूर्व की कैबिनेट में किया था। पर इसमें कुछ त्रुटियां रह गयी थी, जिसे संशोधित करके पेश किया जा रहा है।

बीमा योजना से प्रीमियम पर इलाज की सुविधाः बीमा योजना से झारखंड सरकार के डेढ़ लाख पेंशनर और उनके परिजनों (फैमिली पेंशनर) को तय प्रीमियम पर इलाज की सुविधा मिलेगी। इससे पहले स्वास्थ्य बीमा योजना में राज्यकर्मियों के साथ पेंशनरों और उनके परिजनों के लिए भी स्वास्थ्य बीमा योजना लागू है। लेकिन, उसमें पेंशनरों को उतनी सुविधाएं नहीं है, जितनी कर्मचारियों के लिए हैं। अब उसमें संशोधन कर सरकार चिकित्सा सुविधा में बढ़ोतरी कर रही है।

**दो लाख कर्मी करा चुके हैं निबंधन :** अब तक स्वास्थ्य बीमा योजना में करीब दो लाख राज्यकर्मियों और पेंशनरों ने बीमा का लाभ लेने के लिए निबंधन कराया है। इसमें कर्मियों को सालाना एकमुश्त 6000 रुपये प्रीमियम देना होगा।

## तुर्किये के होटल में लगी आग, 10 की मौत, 32 झुलसे

### कड़ी मशक्कत के बाद दमकलों ने पाया काबू



**अंकारा :** तुर्किये के एक होटल में बड़ा हादसा हुआ है। उत्तर पश्चिमी तुर्किये के एक स्की रिसोर्ट होटल में आग लग गई। इसमें 10 लोगों की मौत हो गई। जबकि 32 लोग झुलस गए। दमकलों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तुर्किये के मंत्री अली येरलिकाया ने कहा कि बोलू प्रांत के करतलकाया रिसोर्ट के रेस्टोरेंट में रात को आग लग गई। आग लगने के बाद होटल में अफरातफरी मच गई। गवर्नर अब्दुलअजीज आयदीन ने बताया कि दो पीड़ितों की मौत घबराहट में इमारत से बाहर कूदने के चलते हुई। उन्होंने कहा कि होटल में 234 मेहमान ठहरे हुए थे। आग लगने के कारण का पता नहीं चल पाया है। इसकी जांच की जा रही है।

बताया जा रहा है कि आग लगने के बाद कुछ लोगों ने चादरों के सहारे अपने कमरों की खिड़कियों से नीचे उतरने की कोशिश की। होटल में प्रशिक्षक नेकमी केपसेटुटन ने कहा कि जब आग लगी तो वह सो रहे थे और वह इमारत से बाहर निकल गए। इसके बाद उन्होंने करीब 20 मेहमानों को होटल से बाहर निकालने में मदद की।

उन्होंने कहा कि होटल धुएं से घिरा हुआ था, जिससे मेहमानों के लिए आग से बचने का स्थान ढूंढना मुश्किल हो गया था। मैं अपने कुछ छात्रों तक नहीं पहुंच सका। मुझे आशा है कि वे ठीक हैं। बताया जा रहा है कि होटल के बाहरी हिस्से पर लकड़ी से आग फैलने में तेजी आई होगी।

सुरक्षाबल की बड़ी कार्रवाई

# गरियाबंद मुठभेड़ में 20 नक्सली ढेर, हथियार बरामद

### 2026 तक हो जाएगा लाल आतंक का खात्मा : सीएम साय



**रायपुरः** गरियाबंद में सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में आधिकारिक तौर पर अब तक 20 नक्सली ढेर हो गए हैं। मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को मिली बड़ी सफलता मिली। अभी भी मुठभेड़ जारी है। मारे गए नक्सलियों की संख्या और भी बढ़ सकती है। इससे पूर्व बीजापुर में सुरक्षा बलों ने 18 नक्सलियों को मार गिराया था। सभी मारे गए नक्सलियों के शव और हथियार बरामद कर लिए गए हैं। रविवार सुबह से मंगलवार की सुबह तक रुक-रुक कर फायरिंग हो रही है।

गरियाबंद जिले के कुल्हाड़ी घाट स्थित भालू डिग्गी जंगल में कुल एक हजार से अधिक जवानों ने 60 से अधिक नक्सलियों को चारों तरफ से घेर रखा है। यह मामला मैनपुर थाने इलाके का बताया जा रहा है। मुठभेड़ में सीआरपीएफ के कोबरा यूनिट का एक जवान भी घायल हुआ है, जिसे एयर लिफ्ट करके रायपुर लाया जा रहा है। इससे पहले रविवार को हुई मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर किए गए थे वहीं एक जवान भी घायल हुआ था।

**आईजी रायपुर जोन अमरेश मिश्रा ने दी जानकारीः** गरियाबंद मुठभेड़ में अब तक 20 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। एके 47, एसएलआर, आईएनएसएएस और अन्य स्वचालित हथियार बरामद किए गए हैं। सर्च ऑपरेशन जारी है। आईजी रायपुर जोन अमरेश मिश्रा ने इसकी जानकारी दी है।

सीएम विष्णु देव साय ने एक्स पर साझा किया पोस्टः छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एक्स पर पोस्ट साझा कर लिखा कि गरियाबंद जिले के मैनपुर थाना अंतर्गत कुल्हाड़ीघाट क्षेत्र में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ रविवार रात से अब तक जारी मुठभेड़ में 20 से अधिक नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। मार्च 2026 तक देश-प्रदेश में नक्सलवाद के खात्मे के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संकल्प को मजबूती प्रदान करते हुए सुरक्षाबल के जवान निरंतर सफलता हासिल कर लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। जवानों को मिली यह कामयाबी सराहनीय है। उनकी बहादुरी को सलाम करता हूं। हमारी डबल इंजन की सरकार में निश्चित ही हमारा छत्तीसगढ़ मार्च 2026 तक नक्सलवाद से मुक्त होकर रहेगा।

एक करोड़ का इनामी नक्सली जयराम उर्फ चलपती मारा गयाः गरियाबंद में सुरक्षा बल नक्सली मुठभेड़ में एक करोड़ का इनामी नक्सली जयराम उर्फ चलपती मारा गया है। वह नक्सलियों के केंद्रीय कमेटी मेंबर बताया जा रहा है। अब तक 14 से अधिक महिला / पुरुष नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। मारे गए नक्सलियों में माओवादियों के सीनियर कैडर शामिल हैं, जिनकी शिनाख्त की जा रही है ' एनकाउंटर में एसएलआर राइफल जैसे ऑटोमैटिक हथियार बरामद किए गए हैं। नक्सल विरोधी सर्च अभियान में गरियाबंद ऑपरेशन ग्रुप ई30,कोबरा 207, सीआरपीएफ 65 एवं 211 बटालियन, एसओजी नुआपाड़ा की संयुक्त पार्टी कुल्हाड़ीघाट क्षेत्र में रवाना हुई थी।

**ओडिशा-छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर संयुक्त ऑपरेशनः** सुरक्षाबलों का दावा है कि इस मुठभेड़ में नक्सलियों के कई इनामी लीडर्स मारे गए हैं। छत्तीसगढ़ और ओडिशा फोर्स की ओर से जॉइंट ऑपरेशन चलाया गया था, इसमें कुल 10 टीम में शामिल थीं। तीन टीम ओडिशा से दो छत्तीसगढ़ पुलिस से और सीआरपीएफ की पांच टीम इस मुठभेड़ में शामिल रहीं। मुठभेड़ की सूचना पर फोर्स के वरिष्ठ अधिकारी मैनपुर पहुंच गए हैं। पूरे एरिया में फोर्स की तैनाती की गई है। इसके अलावा तीन आईडी भी बरामद की गई है।

# दिल्ली हाईकोर्ट ने ईवीएम के उपयोग को चुनौती देने वाली याचिका की खारिज

**नई दिल्लीः** दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाल ही में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के उपयोग को चुनौती देने वाली एक याचिका को खारिज कर दिया। याचिकाकर्ता ने यह तर्क दिया था कि भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) को प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में ईवीएम के उपयोग के लिए अलग-अलग कारण प्रस्तुत करने चाहिए थे, लेकिन अदालत ने इस तर्क को अस्वीकार करते हुए याचिका खारिज कर दी।

**क्या था याचिकाकर्ता का तर्क? :** याचिकाकर्ता रमेश चंद्र ने अदालत में यह दावा किया था कि ईसीआई को प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के लिए यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्यों ईवीएम का उपयोग किया जा रहा है। उनका कहना था कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 61-ए के तहत यह आवश्यक है कि प्रत्येक क्षेत्र में ईवीएम के उपयोग को स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर आंका जाए। चंद्र ने यह भी कहा कि चुनाव आयोग को यह बताना चाहिए कि वह प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में ईवीएम के उपयोग के लिए किन कारणों के आधार पर निर्णय ले रहा है।




**अदालत का फैसला क्या था? :** दिल्ली उच्च न्यायालय की खंडपीठ, जिसकी अध्यक्षता कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विभु बाखरू और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला कर रहे थे, ने याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता ने ऐसा कोई ठोस आधार नहीं प्रस्तुत किया जिससे यह मामला न्यायिक हस्तक्षेप के योग्य बनता हो। पीठ ने यह भी कहा कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 61-ए के तहत चुनाव आयोग को ईवीएम के उपयोग को अपनाने का अधिकार है, और उसने पहले ही यह निर्देश जारी कर दिए हैं कि किन-किन निर्वाचन क्षेत्रों में ईवीएम का उपयोग होगा।

ईसीआई द्वारा पहले ही जारी किए गए थे निर्देशः अदालत ने यह भी कहा कि ईसीआई ने पहले ही अपनी ओर से निर्देश जारी कर दिए थे और इनमें उन निर्वाचन क्षेत्रों को निर्दिष्ट किया था जहां ईवीएम का उपयोग किया जाएगा। इस प्रकार, अदालत ने पाया कि ईसीआई ने प्रावधानों का पालन किया था और इसलिए याचिकाकर्ता का दावा आधारहीन था।

अदालत ने क्यों किया याचिका खारिज? अदालत ने यह स्पष्ट किया कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 61-ए की भाषा इस बात का समर्थन नहीं करती कि चुनाव आयोग को हर निर्वाचन क्षेत्र के लिए अलग से कारण प्रस्तुत करना चाहिए। इसके अलावा, अदालत ने पहले के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि इस मुद्दे पर पहले ही निर्णय लिया जा चुका है, और याचिकाकर्ता ने कोई नया ठोस तथ्य नहीं प्रस्तुत किया जो अदालत को हस्तक्षेप करने के लिए प्रेरित करता।

## देवघर : चोरों ने 2 मंदिरों में लगायी सेंध, 30 लाख के आभूषण चुरा हुए फरार

**देवघरः** झारखंड के देवघर में चोरों ने एक ही रात में दो मंदिरों को निशाना बनाकर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर मंदिर से लाखों के जेवर उड़ा फरार हो गए। वहीं इस वारदात के बाद मंदिर के पुजारियों में हड़कंप मच गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, घटना देवघर के मधुपुर में पंच मंदिर रोड स्थित श्याम मंदिर व हनुमान मंदिर की है। जिसमें चोरों ने सोमवार देर रात चोरी की भीषण घटना को अंजाम दे दिया है। मंदिर के पुजारी ने बताया कि उनको वारदात की जानकारी तब हुई जब रात को 2बजे अचानक नींद खुली तो पता लगा कि दोनों मंदिरों के दरवाजे खुले है और मंदिर से भगवान के पहने चांदी, सोने और रत्नजड़ित आभूषण गायब हैं। बताया जा रहा है कि आभूषणों की कीमत लगभग 25 से 30 लाख के करीब है।

इधर, घटना की सूचना पुजारी ने मंदिर प्रबंधन और पुलिस को दी। जानकारी मिलने के बाद पुलिस मंदिर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की।

राहुल गांधी का मोदी सरकार पर वार, बोले-

# गरीब और मिडिल क्लास का जीना मुहाल

**नर्द दिल्लीः** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को मोदी सरकार पर उसकी आर्थिक नीतियों को लेकर निशाना साधा। इसक साथ ही कांग्रेस नेता ने कहा कि वास्तविक विकास तब है जब हर कोई प्रगति करे, व्यापार के लिए उचित माहौल हो, निष्पक्ष कर प्रणाली हो और श्रमिकों की आय बढ़े। राहुल ने एक्स पर लिखा कि मोदी जी के विकसित भारत की सच्चाईः मेहनत आपकी, मुनाफा किसका? आप सभी के खून पसीने से देश की अर्थव्यवस्था का पहिया घूम रहा है, लेकिन क्या आपको इसमें उचित हिस्सा मिल रहा है? जरा सोचिए।

राहुल ने दावा किया कि मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की अर्थव्यवस्था में हिस्सेदारी 60 साल के सबसे निचले स्तर तक चली गई। इस वजह से लोगों को रोजगार के लिए संघर्ष करना



पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में गलत नीतियों ने किसान और खेत मजदूर की स्थिति बदहाल की है। वे मुश्किल से अपना गुजारा कर पा रहे हैं। इसके साथ ही राहुल ने आगे लिखा कि पिछले पांच वर्षों में श्रमिकों की वास्तविक आमदनी या तो स्थिर है या कम हुई है।

सरकार पर हमला जारी रखते हुए नेता प्रतिपक्ष ने लिखा कि हानिकारक जीएसटी और इनकम टैक्स की मार ने गरीब और मिडिल क्लास का जीना हराम कर रखा है, जबकि कॉर्पोरेट का कर्जा माफ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आसमान छूती महंगाई के कारण अब न सिर्फ. गरीब बल्कि सैलरीड क्लास भी अपनी जरूरतों के लिए लोन लेने को मजबूर है। वास्तविक विकास वो है जहां सबकी उन्नति हो - बिजनेस के लिए निष्पक्ष माहौल मिले, उचित टैक्स सिस्टम हो और श्रमिकों की आमदनी बढ़े। इससे ही देश समृद्ध और मजबूत बनेगा।

## राहुल का बयान सुन हाथ से फिसली दूध से भरी बाल्टी 250 रुपये का हुआ नुकसान, कोर्ट पहुंचा शख्स

**पटनाः** बिहार के एक निवासी ने स्थानीय अदालत में मामला दर्ज कराया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उसके दूध की एक बाल्टी गिरा दी, जिससे उसे 250 रुपये का नुकसान हुआ। यह विचित्र घटनाक्रम समस्तीपुर जिले में हुआ है, जहां शिकायतकर्ता मुकेश चौधरी ने दावा किया कि पिछले हफ्ते गांधी की भारतीय राज्य के खिलाफ लड़ाई वाली टिप्पणी सुनकर उन्हें झटका लगा। इसके बाद उन्होंने कहा कि इतने सदमे में था कि मेरी पांच लीटर दूध से भरी बाल्टी, जिसकी कीमत 50 रुपये प्रति लीटर थी, मेरे हाथ से फिसल गई।

चौधरी ने आरोप लगाया, राहुल गांधी देश की संप्रभुता को खतरे में डाल रहे हैं। सोनुपुर गांव के निवासी ने मीडिया को अपनी याचिका की एक प्रति भी दिखाई, जो रोसेरा उप-मंडल के सिविल कोर्ट में दायर की गई थी, जिसमें गांधी पर राजद्रोह से संबंधित धारा 152 सहित विभिन्न बीएनएस धाराओं के तहत मुकदमा चलाने की मांग की गई थी। यह ज्ञात नहीं था कि याचिका अदालत द्वारा स्वीकार की गई थी या नहीं।

राहुल गांधी ने दिल्ली के इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में 15 जनवरी को पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने देश की सभी संस्थाओं पर नियंत्रण स्थापित कर लिया है, इसलिए अब कांग्रेस की लड़ाई सिर्फ भाजपा और आरएसएस के खिलाफ नहीं बल्कि इंडियन स्टेट के खिलाफ भी है।

न्यूज ब्रीफ

## ग्रिजली विद्यालय मे कॅरियर कॉऊसलिंग



**कोडरमाः** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय के सभागार मे एक कॅरियर कॉऊसलिंग का आयोजन किया गया । मौके पर इंजीनियरिंग मे कॅरियर विषय पर बोलते हुए रिसोर्स पर्सन आमोल लोहानी एसोसियट ड्राइरेक्टर मोडर्ना, बोस्टन, यूएसए ने वर्ग एकादश के छात्रों को सम्बोधित करते हुए आइआइटी। जेईई। की प्रवेश परीक्षा मे सफलता के लिए छात्रो को कई टिप्स दिए । उन्होनें बताया कि कॉन्सेप्ट को समझना, समय-प्रबंधन, लक्ष्य के प्रति सम्पर्ण सफलता की अनिवार्य शर्त है। सीएटी।, एनएमएटी, एमबीए। की प्रवेश परीक्षा के लिए भी उन्होने छात्रों को बहुमूल्य सुझाव दिए। मौके पर शीतल कुमारी, सेजल सिन्हा, प्रिंस कुमार द्वारा पूछे प्रश्नों का उन्होने उत्तर भी दिए। विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता एवं प्राचार्या अंजना कुमारी ने बताया कि ऐसे आयोजन से छात्रों को लक्ष्य की प्राप्ती में प्रचुर लाभ मिलेगा। कार्यक्रम की सफलता में स्टूडेंट सर्विस सेल के प्रभारी सुधांशु कुमार, आलोक कुमार की भूमिका सराहनीय रही।

## गणतंत्र दिवस पर मोरहाबादी मैदान में झंडोत्तोलन करेंगे राज्यपाल

**रांची :** 76 वें गणतंत्र दिवस के मौके पर झारखंड के मोरहाबादी मैदान में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार झंडा फहराएंगे। बताया जा रहा है कि इस दौरान समारोह में मंईयां सम्मान योजना की सफलता को प्रमुख रूप से दशार्या जाएगा।

झांकियों के माध्यम से मंईयां सम्मान योजना से जुड़ी खुशहाली और इसके लाभों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया जाएगा। बता दें कि मंईयां सम्मान योजना ने ग्रामीण और दूरदराज इलाकों में महिलाओं के लिए सशक्तिकरण के नए रास्ते खोले हैं। योजना के तहत महिलाओं को आर्थिक सहायता और विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ दिया गया है। इस योजना ने राज्य में महिलाओं की स्थिति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसे गणतंत्र दिवस समारोह में झांकियों के जरिए प्रदर्शित किया जाएगा।

बता दें कि गणतंत्र दिवस के मौके पर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर भी समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में झारखंड भी अपनी झांकी निकालेगा। वहीं, इसके अलावा इस बार पूर्वी सिंहभूम के पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, पटमदा की छात्राएं बैंड प्रस्तुति देंगी।

## नकली शराब बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़, 488 पेटी शराब जब्त, आरोपी फरार

सिल्ली : उत्पाद विभाग रांची की टीम ने सिल्ली में छापेमारी कर एक घर में चल रही अवैध नकली शराब बनाने की फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। नकली शराब को असली दिखाने के लिए दूसरे राज्य का लगाया जा रहा था रैपर। उक्त घर से उत्पाद की टीम ने 488 पेटी अवैध नकली शराब पकड़ी है। जिसका बाजार मूल्य 50 लाख रुपए बताया गया है। सहायक उत्पाद आयुक्त अरुण मिश्रा के नेतृत्व में छापेमारी की कार्रवाई की गई। अवैध शराब बनाने की फैक्ट्री सालगाढीपा निवासी रुस्तम तिग्गा के मकान में चल रही थी। उक्त मकान से शराब की पे?टी नकली शराब के अलावा बड़ी संख्या में अलग-अलग ब्रांड की विदेशी शराब बनाने के लिए लाई गई खाली बोतलें, रैपर, होलोग्राम और ढक्कन बरामद किए गए है। इधर इतना बड़ा विदेशी शराब का अवैध कारोबार और स्थानीय पुलिस को भनक ना होना लोगों के समझ से परे है।

## पंचायत भवन मरम्मत के नाम पर लूट, बैगर शिलान्यास हो रहा काम

**सिल्ली :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भ्रष्टाचार को रोकने को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया है लेकिन उनके निर्देश को ठेंगा दिखाया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला सिल्ली प्रखंड अंतर्गत हलमाद पंचायत से प्रकाश में आया है। जहां पंचायत भवन मरम्मत के नाम पर जनता की गाढ़ी कमाई को लुटा जा रहा है। केवल रंग रोगन में लाखों रूपए निकासी किया गया है इसकी चर्चा पूरे पंचायत भर के लोगों और पंचायत प्रतिनिधियों की बीच है और होगा भी क्यों नही। दरअसल ना कोई बैठक और ना ही मुखिया एंव ग्राम प्रधान को योजना मद की जान कारी है मतलब शिलान्यास हुआ ही नही। कई ग्रामीणों ने नाम प्रकाशित नही करने की शर्त पर बताया डीएमएफटी मद से 24 लाख की लागत से मरम्मत कार्य किया जा रहा है और यह काम जिप सदस्य के परिवार का सदस्य करवा रहा है। इस मद से कई विद्यालल में भी काम चल रहा है जहां इसी तरह ठेकेदार विभाग के अधिकारी और जिप सदस्य के मिलीभगत से योजनाओं की लागत राशि पर लूट है। ग्रामीणों के बीच चर्चा है कि ग्रामीण पिटीशन बनाकर इसकी जांच के लिए शिकायत उपायुक्त रांची और स्थानीय विधायक से करने का मन बनाया है। इधर इस संबंध में जानने के लिए पंचायत के मुखिया माया देवी के पति मुरली करमाली से पूछे जाने पर बताया भवन का चाबी मांगा गया था हमने दे दिया किस मद से हो रहा है इसकी जानकारी नही है क्योंकि शिलान्यास हुआ नही है।

## झुमरी तिलैया में शिक्षा की नई पहचान 'ग्रिजली किड्स'

**झुमरी तिलैयाः** शहर का प्रमुख प्ले स्कूल, बचपन प्ले स्कूल, अब एक नए और शानदार स्वरूप में स्थापित हो चुका है। इसे अब ग्रिजली किड्स के नाम से जाना जाएगा। यह नाम न केवल विद्यालय की अलग पहचान को मजबूत करेगा, बल्कि शिक्षा में उत्कृष्टता और नवाचार के प्रति इसकी प्रतिबद्धता का प्रतीक भी है। ग्रिजली चेरिटेबल ट्रस्ट के अंतर्गत वर्षों का अनुभव रखने वाला यह संस्थान, बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित है। विद्यालय की प्रबंधन समिति ने बताया कि यह नाम परिवर्तन हाल ही में शहर में खुले अन्य समान नाम वाले संस्थानों से होने वाले भ्रम को दूर करने और विद्यालय की प्रतिष्ठा को बनाए रखने के उद्देश्य से किया गया है। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने स्पष्ट किया कि इस नाम परिवर्तन से केवल पहचान बदलेगी, जबकि सभी सुविधाएँ, संकाय, पाठ्यक्रम और बच्चों की शिक्षा व देखभाल के प्रति प्रतिबद्धता पहले की तरह ही बनी रहेगी। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य हमेशा से बच्चों के शैक्षिक और व्यक्तित्व विकास में योगदान देना रहा है, और 'ग्रिजली किड्स' के रूप में हम इस दिशा में और बेहतर प्रयास करेंगे। ग्रिजली किड्स प्ले ग्रुप से लेकर यूकेजी तक के बच्चों को आधुनिक शिक्षा पद्धति और उच्च गुणवत्ता वाली सुविधाएँ प्रदान करता रहेगा। वहीं, ग्रिजली पब्लिक स्कूल, इस संस्थान का सीनियर विंग, पिछले कई वर्षों से उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान कर रहा है, और अभिभावकों की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए छात्रों के सर्वांगीण विकास में लगातार योगदान दे रहा है। अभिभावकों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए विद्यालय के प्रयासों की सराहना की है। यदि आप अपने बच्चे के भविष्य के लिए एक सुरक्षित, नवाचारी और प्रेरणादायक वातावरण की तलाश में हैं, तो ग्रिजली किड्स आपके लिए सही विकल्प हो सकता है।

### रिम्स के स्वास्थ्य सुविधाओं में होगा बदलाव

# मुख्यमंत्री ने री-डेवलपमेंट मास्टर प्लान बनाने का दिया निर्देश

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** रिम्स को आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से लैस किया जाएगा। इस दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए राज्य सरकार ने जल्द ही रिम्स का बेहतर मास्टर री-डेवलपमेंट प्लान तैयार करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की और राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान यानी रिम्स के पुनर्विकास और विस्तारीकरण से संबंधित प्रस्तावित कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी ली।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को रिम्स के नए री-डेवलपमेंट मास्टर प्लान में भविष्य को ध्यान में रखते हुए कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि रिम्स की देश में एक अलग पहचान होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि रिम्स के री-डेवलपमेंट मास्टर प्लान में सभी छात्रावासों को एक जगह और सभी आवासीय परिसरों को नॉर्थ ब्लॉक में शिफ्ट करने की योजना बनाई जाए। इसके अलावा रिम्स परिसर के 1600 बेड वाले इनडोर एरिया का जीर्णोद्धार करने का निर्देश देते हुए सीएम ने बेसमेंट एरिया को सील करने को कहा ताकि यहां जलजमाव को रोका जा सके।



प्रस्तावित आदिवासी कल्याण छात्रावासों की समीक्षाः मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को एक साथ कई विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। जिसके तहत सीएम ने स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग तथा वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। स्वास्थ्य विभाग के बाद मुख्यमंत्री ने अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के पदाधिकारियों से प्रस्तावित आदिवासी कल्याण छात्रावासों की निविदा प्रक्रिया की जानकारी ली।

समीक्षा के दौरान पदाधिकारियों ने बताया कि रांची में दो आदिवासी कल्याण छात्रावास तथा डाल्टनगंज में दो आदिवासी कल्याण छात्रावास बनाने का प्रस्ताव है, इन चारों छात्रावासों की निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। रांची के महिला महाविद्यालय के साइंस ब्लॉक परिसर में अनुसूचित जनजाति की छात्राओं के लिए 525 तथा आदिवासी छात्रावास परिसर में 525 छात्रों के लिए छात्रावास बनाने का प्रस्ताव है, जबकि पलामू जिले के डाल्टनगंज में बाईपास रोड रेड़मा में एसटी वर्ग के लिए 525-525 छात्रों के लिए दो छात्रावासों का निर्माण किया जाना है। अगले एक माह के अंदर सभी छात्रावासों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सभी नवनिर्मित छात्रावासों में चारदीवारी, सुरक्षा गार्ड, सफाई कर्मचारी, रसोइया, आवश्यक फर्नीचर जैसी सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के कामकाज की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राज्य के अंदर वन्य जीव अभ्यारण्य के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों के विकास कार्यों में आ रही बाधाओं को दूर करने का निर्देश दिया। इसके अलावा वन क्षेत्र में स्थित गांवों में बिजली, पानी, सड़क जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। सीएम ने मधुबन से पारसनाथ हिलटॉप को जोड़ने वाली सड़क के पुनर्निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं को जल्द दूर करने को कहा ताकि आम लोगों को हो रही समस्याओं का समाधान हो सके।

## प्रिवेंटिव मेंटेनेंस एंड इलेक्ट्रिकल सेफ्टी इन माइंस विषय पर कार्यकारी विकास कार्यक्रम का शुभारंभ

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**धनबाद :** आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में प्रिवेंटिव मेंटेनेंस एंड इलेक्ट्रिकल सेफ्टी इन माइंस पर पांच दिवसीय कार्यकारी विकास कार्यक्रम का सोमवार शुभारंभ किया गया। आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग डिपाटमेंट की ओर से प्रिवेंटिव मेंटेनेंस एंड इलेक्ट्रिकल सेफ्टी इन माइंस विषय पर आयोजित पांच दिवसीय कार्यकारी विकास कार्यक्रम (ईडीपी) का शुभारंभ संस्थान के कार्यकारी विकास केंद्र में हुआ। यह कार्यक्रम 20 जनवरी से 24 जनवरी, 2025 तक चलेगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में प्रो। धीरज कुमार, डिप्टी डायरेक्टर, आईआईटी (आईएसएम) ने शिरकत की।

इस अवसर पर प्रो। धीरज ने खनन कार्यों में प्रिवेंटिव मेंटेनेंस एंड इलेक्ट्रिकल सेफ्टी की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा, एक खनन इंजीनियर के रूप में, मैं खानों में विद्युत अभियांत्रिकी के महत्व को समझता हूं। विद्युत सुरक्षा को ध्यान में रखे बिना खनन कार्यों में प्रगति असंभव है। जब हम माइनिंग 4.0 युग में प्रवेश कर रहे हैं, तब एआई, आईओटी, ब्लॉकचेन और स्वायत्त प्रणालियों जैसी उन्नत तकनीकों के एकीकरण से विद्युत अभियांत्रिकी की अपरिहार्य भूमिका स्पष्ट हो जाती है। उन्होंने संस्थान के खनन प्रौद्योगिकी नवाचार केंद्र, टैक्समिन की सफलता पर भी प्रकाश डाला, जिसने कई कंपनियों के साथ साझेदारी स्थापित की है। उद्घाटन दिवस पर विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञ व्याख्यान और संवादात्मक सत्र आयोजित किए गए, जिनमें शून्य दुर्घटनाओं को प्राप्त करने के लिए विद्युत सुरक्षा ऑडिट और सुरक्षा प्रबंधन योजनाओं का महत्व, विद्युत झटके के खतरों और रोकथाम की रणनीतियां, विद्युत ड्राइव्स में आने वाली समस्याएं और व्यावहारिक चुनौतियां, खनन दुर्घटनाओं और उनके शमन की रणनीतियों पर केस स्टडी शामिल है। यह कार्यक्रम भूमिगत और ओपन कास्ट खनन वातावरण में विद्युत सुरक्षा और निवारक रखरखाव के विभिन्न पहलुओं को संबोधित करने के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है, जिससे परिचालन सुरक्षा को बढ़ाया जा सके। इस अवसर पर अजय सिंह, उप महानिदेशक (विद्युत), खानों की सुरक्षा के निदेशालय (डीजीएमएस), ने इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, ये सत्र व्यावहारिक अनुप्रयोगों के साथ-साथ सैद्धांतिक अवधारणाओं को समझने और संदेहों को स्पष्ट करने के लिए एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करते हैं। खनन में विद्युत सुरक्षा दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आधारशिला है। पश्चिम बंगाल राज्य केंद्र, इंजीनियर्स संस्थान (भारत) के अध्यक्ष, प्रो। राजू बसाक ने भी सभा को संबोधित करते हुए खनन क्षेत्र में एआई और आईओटी की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि तेजी से तकनीकी प्रगति के इस युग में विद्युत उपकरणों के निवारक रखरखाव की आवश्यकता काफी बढ़ गई है।

इस अवसर पर, आईआईटी (आईएसएम) के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख, प्रो। सुकांत दास ने घोषणा की कि विभाग आगामी वर्षों में दो अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों की मेजबानी करेगा, जिससे विद्युत अभियांत्रिकी में अनुसंधान और शिक्षा को आगे बढ़ाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया जा सके। स्वागत भाषण में, कार्यक्रम के सह-प्रमुख अन्वेषक (को-पीआई) और प्रोफेसर (एचएजी) डॉ प्रदीप कुमार साधु ने निवारक रखरखाव को टीकाकरण के समान बताया और इसे घटनाओं के बाद की प्रतिक्रिया पर प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम के प्रमुख अन्वेषक (पीआई) प्रो। निताई पाल ने दिया, जिन्होंने सभी प्रतिभागियों और योगदानकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।यह कार्यक्रम लगभग 60 प्रतिभागियों, जिनमें पेशेवर और शिक्षाविद शामिल हैं, को एक साथ लाया है, जिससे खनन क्षेत्र में विद्युत सुरक्षा और रखरखाव प्रथाओं को सुधारने के उद्देश्य से ज्ञान-साझाकरण और चर्चा की जा सके।

## कोका लगाम में विशाल साधु मेला



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**मुरी :** कोका लगाम में विशाल साधु मेला का आयोजन किया गया। जिसमें पाता नाच मुख्य आकर्षण का केंद्र था । टुंगरी के उपर आयोजक ने मंच से गाइड लाइन कर रहे थे। झारखंड अलग होने के साल से राजीव भगत उर्फ साधु ने टुंगरी पर मेला का शुभारम्भ किया,फिर यही विशाल साधु मेला के नाम से जाना जाने लगा। साधु वर्तमान में जीवित है।मेले में टुसु प्रर्दशनी जोश खरोश नाचते गाते मंच तक हुआ।मेला को सफल बनाने में मुखिया गंगा नरायाण मुंडा, विशेश्वर मुंडा,साधु रदुनाथ महतो,मेजर अनिल महतो,बासुदेव महतो, संजय महतो, वंशीधर महतो, जगरनाथ महतो,उमेश महतो, लक्ष्मी महतो, सुभाष लोहरा, संजय लोहरा, विष्णु चरण मुंडा,विनाश महली, जगेश्वर महतो,विनय महतो, सत्यनारायण महतो, अजीत महतो, लखींद्र नाथ महतो,राम कुमार महतो, नरेंद्र महतो,मनसा, प्रदीप, कमलेश, राधानाथ महतो , नन्द किशोर महतो, महिपाल महतो आदि की सक्रिय भागीदारी रही।

मेले में हब्बा डब्बा धड़ल्ले से जारीः पुलिस प्रशासन आये दिन दुर्धटना को रोकने के लिए चेकिंग अभियान चलाती है। वहीं अभी हाल में अफीम की खेती विनिष्टीकरण को लेकर पुलिस शपथ लेते हुए अभिमान चलाया।गत दिन सलगाढीपा में अवैध रूप से चल रहे मिनी इंग्लिश शराब बनाने को लेकर छापा पड़ा। पुलिस की प्रशंसा हुई। तो क्या पुलिस मेला में चलने वाले हब्बा डब्बा बंद कराने को लेकर अभियान नहीं चला सकती है।अगर पुलिस ऐसा करतीं हैं तो जुआ में खेलने वाले बड़े छोटे का भविष्य बर्बाद होने से बच सकता है। फिर मेला में जुआ से बोदरेशन खत्म हो सकता है। पिछले दिनों कोका लगाम में भी इसी तरह जुआ खुलेआम चला। प्रशासन से अनुरोध है कि इस तरह के हब्बा डब्बा को बंद कराने का तुरंत एक्शन ले।



## जेएमएम ने रांची में शुरू किया सदस्यता अभियान प्रदेश में 50 लाख नये सदस्य बनाने का लक्ष्य

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने राज्यभर में पार्टी के कम से कम 50 लाख नये सदस्य बनाने के उद्देश्य से सोमवार को यहां एक अभियान शुरू किया। पार्टी के एक पदाधिकारी ने यह जानकारी दी। झामुमो महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने संवाददाताओं से कहा हमने आज रांची में अल्बर्ट एक्का चौक से सदस्यता अभियान शुरू किया है। यह



अभियान 28 फरवरी तक चलेगा। हमारा लक्ष्य कम से कम 50 लाख नए सदस्य बनाना है। भाजपा पर कटाक्ष करते हुए भट्टाचार्य ने कहा कि उनका सदस्यता अभियान 'मिस्ड कॉल' के जरिए नहीं चलेगा। भट्टाचार्य ने कहा, हमारे सदस्य गांवों, पंचायतों, प्रखंडों और जिलों में घर-घर जाएंगे तथा व्यक्तिगत संपर्क के जरिए लोगों को पार्टी में शामिल करेंगे। बता दें कि भाजपा ने पिछले साल 22 दिसंबर को सदस्यता अभियान शुरू किया था। बीजेपी ने करीब 60 लाख सदस्य बनाने का निर्णय लिया है। उसका अभियान 31 जनवरी तक चलेगा।

# रांची में 10 डिसमिल तक के लंबित मामलों की सूची तैयार

### उपायुक्त ने कट ऑफ डेट में वेरिफिकेशन पूरा करने का दिया निर्देश

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** जिला उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर जिला के सभी अंचलों में 10 दिन तक लंबित म्यूटेशन के आवेदनों की सूची तैयार कर ली गई है। जिला के सभी अंचल अधिकारियों के साथ ऑनलाइन मीटिंग करते हुए उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कैंप के माध्यम से लंबित म्यूटेशन के मामलों के निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया है।

रांची जिला समाहरणालय के एनआईसी सभागार में आयोजित बैठक में अपर समाहर्ता राम नारायण सिंह, उप समाहर्ता भूमि सुधार मुकेश कुमार उपस्थित रहे। दरअसल, पिछले दिनों उपायुक्त ने कैंप लगाकर बिना आपत्ति 30 दिन और आपत्ति के साथ 90 दिन के म्यूटेशन के लंबित मामलों की सूची तैयार करने का निर्देश दिया था। इसी के आलोक में ये बैठक आयोजित की गयी।



आज समाहरणालय के एनआईसी सभागार में जिले के सभी अंचल अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस करते हुए सभी अंचलों में 10 डिसमिल तक के बिना आपत्ति 30 दिन और आपत्ति के साथ 90 दिन के म्यूटेशन के लंबित मामलों की समीक्षा करते इन मामलों का जल्द निष्पादन कराने का निर्देश दिए गए।

कट ऑफ डेट में लंबित आवेदनों का होगा वेरिफिकेशन

: सभी अंचलों में 10 डिसमिल तक के बिना आपत्ति 30 दिन और आपत्ति के साथ 90 दिन के म्यूटेशन के लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को कट ऑफ डेट में वेरिफिकेशन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। सभी अंचलों में म्यूटेशन के लंबित आवेदनों और कर्मचारियों की इस संख्या को ध्यान में रखकर कट ऑफ डेट किया गया है। निर्धारित कट ऑफ डेट में आवेदन के वेरिफिकेशन के बाद आनेवाले रविवार को कैंप लगाकर म्यूटेशन के मामलों का निष्पादन किया जायेगा ताकि अन्य कार्य दिवस में कार्य प्रभावित न हो।

रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा है कि हर अंचल में 10 डिसिमल तक के लंबित मामलों के जल्द निष्पादन के लिए जिलास्तरीय वरीय पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी अंचल से किसी तरह की शिकायत ना आए यह सभी अंचल अधिकारी सुनिश्चित करें। उन्होंने अभी निर्देश दिया है कि जहां अन्य दस्तावेज की जरूरत हो, वहां आवेदक को नोटिस दें और सीधे म्यूटेशन रिजेक्ट ना करें।

## करवट बदलने लगा मौसम, न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे होगी बढ़ोतरी

**रांची:** झारखंड में पिछले 24 घंटे में मौसम शुष्क रहा है। 20 जनवरी को सबसे कम तापमान 5.1 डिग्री सेंटीग्रेड सिमडेगा में रिकॉर्ड किया गया, जबकि सबसे अधिक तापमान 33.9 डिग्री सेंटीग्रेड सरायकेला खरसावां जिले में रिकॉर्ड किया गया। सरायकेला खरसावां में जनवरी महीने में आज दर्ज किया गया अधिकतम तापमान सामान्य तापमान से 2.9 डिग्री सेंटीग्रेड अधिक है।

इसी तरह 20 जनवरी को पश्चिमी सिंहभूम के चाईबासा में अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य तापमान से 8.2 डिग्री अधिक है। 20 जनवरी को झारखंड के अधिकांश जिलों में दर्ज किया गया अधिकतम तापमान सामान्य तापमान से अधिक रहा। रांची का अधिकतम तापमान 25.8 डिग्री सेंटीग्रेड रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 1.6 डिग्री सेंटीग्रेड अधिक रहा। जमशेदपुर का अधिकतम तापमान भी सामान्य से 2.6 डिग्री सेंटीग्रेड अधिक 29.8 डिग्री सेंटीग्रेड रिकॉर्ड किया गया। डाल्टनगंज का अधिकतम तापमान 29.6 डिग्री सेंटीग्रेड और बोकारो का अधिकतम तापमान 27.1 डिग्री सेंटीग्रेड रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य अधिकतम तापमान से क्रमशः 04 डिग्री सेंटीग्रेड और 1.6 डिग्री सेंटीग्रेड अधिक है।

इस दौरान राज्य में सबसे कम तापमान खूंटी में 6.9 डिग्री सेंटीग्रेड रिकॉर्ड किया गया। सिमडेगा के बाद राज्य का दूसरा सबसे कम तापमान रांची और खूंटी में 5.2 डिग्री सेंटीग्रेड रिकॉर्ड किया गया। गुमला में न्यूनतम तापमान 5.9 डिग्री सेंटीग्रेड और जगन्नाथपुर का न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री सेंटीग्रेड रिकॉर्ड किया गया। रांची से सटे रामगढ़ जिले का न्यूनतम तापमान 7.3 डिग्री सेंटीग्रेड रिकॉर्ड किया गया।

# गणतंत्र दिवस समारोह में पश्चिम बंगाल पुलिस करेगी परेड, तैयारियां अंतिम चरण में

संवाददाता

**रांची:** राजधानी के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में गणतंत्र दिवस की तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। एक तरफ जहां केंद्रीय बलों के साथ-साथ झारखंड पुलिस की अलग-अलग वाहिनियां परेड का रिहर्सल कर रही हैं, वहीं दूसरी तरफ राज्य सरकार के विभागों की झांकियों को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है।

पश्चिम बंगाल पुलिस बनी गेस्टः रांची के मोरहाबादी मैदान में 26 जनवरी को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप देने का काम शुरू हो चुका है। इस बार पश्चिम बंगाल पुलिस की बटालियन गणतंत्र दिवस परेड की गेस्ट बटालियन



बनी है। इसके अलावा कुल 13 बटालियन गणतंत्र दिवस समारोह में होने वाले भव्य परेड में भाग लेंगे। गणतंत्र दिवस परेड भव्य दिखे इसके लिए झारखंड पुलिस के अलग-अलग प्लाटून परेड रिहर्सल में खूब मेहनत कर रहे हैं।

गणतंत्र दिवस के मौके पर भारतीय सेना, पश्चिम बंगाल पुलिस के अलावा इस बार के परेड में सीआरपीएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, जगुआर, महिला-पुरुष होमगार्ड, एनसीसी स्काउट एंड गाइड के बटालियन भाग ले रहे हैं। मोरहाबादी मैदान में विभिन्न तरह की झांकियां भी बनाई जा रही हैं, जिसका प्रदर्शन 26 जनवरी के परेड के बाद किया जाएगा।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में राज्यपाल तिरंगा फहराएंगें। परेड के रिहर्सल के अलावा मोरहाबादी मैदान की सुरक्षा को लेकर भी व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। मोरहाबादी मैदान में गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुरक्षा को देखते हुए 500 से ज्यादा जवानों को तैनात किया जाएगा।

**विभिन्न विभागों की झांकियां बनाई जा रही हैं:** परेड के अलावा रांची के मोरहाबादी मैदान में झारखंड सरकार के विभिन्न विभागों की झांकियां भी बनाई जा रही हैं। जिसका प्रदर्शन गणतंत्र दिवस के अवसर पर किया जाएगा। झारखंड पीआरडी से मिली जानकारी के अनुसार गणतंत्र दिवस समारोह में झारखंड की 11 विभागों की झांकी का प्रदर्शन किया जाएगा।

### संजय सेठ से मिला अबुआ अधिकार मंच प्रतिनिधिमंडल,कहा-

# राजधानी में झारखंड पुरोधा बिनोद बाबू की प्रतिमा स्थापित की जाये

मेट्रो रेज

**रांची:** अबुआ अधिकार मंच के प्रतिनिधिमंडल ने आज भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री और रांची सांसद संजय सेठ से मुलाकात की। इस दौरान मंच ने झारखंड की राजधानी रांची में किसी एक चौक (चौराहे) का नाम झारखंड आंदोलन के पुरोधा स्वर्गीय बिनोद बिहारी महतो के नाम पर रखने और उनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित करने हेतु एक अनुरोध पत्र सौंपा।

अबुआ अधिकार मंच के गौतम सिंह ने कहा कि स्व. बिनोद बिहारी महतो झारखंडी अस्मिता और संघर्ष के प्रतीक थे। उनका जीवन समाज के प्रति समर्पण, बलिदान, और सामाजिक चेतना का उत्कृष्ट उदाहरण है। झारखंड राज्य के गठन में उनकी भूमिका और समाज को नई दिशा देने में उनका योगदान अमूल्य है। उनका नाम झारखंड के गौरवशाली इतिहास का एक अहम हिस्सा है।

प्रतिनिधिमंडल ने आग्रह किया कि रांची के किसी प्रमुख चौक




(चौराहे) का नाम बिनोद बाबू के नाम पर रखा जाए और वहां उनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित की जाए। यह कदम नई पीढ़ी को प्रेरित करने के साथ-साथ झारखंड की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित और उजागर करेगा।

संजय सेठ ने विषय को गंभीरता से लेते हुए सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया।

प्रतिनिधिमंडल में गौतम सिंह, सौरभ कुमार (सोनू), नीरज वर्मा, अंशुतोष कुमार, और नीतीश सिंह व अन्य शामिल थे।

# रांची के दबंग पुलिस अधिकारी जानकी राम का निधन

मेट्रो रेज

**रांची:** अस्सी के दशक में रांची को अपराधमुक्त करने में अहम भूमिका निभाने वाले पुलिस अधिकारी जानकी राम का आज सुबह निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से हृदय संबंधी परेशानियों से पीड़ित थे। स्वास्थ्य गड़बड़ होने की वजह से उन्हें नागरमल मोदी सेवा सदन में भर्ती



कराया गया था, जहां उन्होंने सुबह करीब साढ़े तीन बजे अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार शाम को करीब चार बजे चुटिया के स्वर्णरेखा घाट पर किया गया।

वर्ष 1980 में पुलिस सेवा में योगदान करने के बाद वह रांची के कई थानों में पदस्थापित रहे। यह वह दौर था जब रांची में आये दिन अपराधी सक्रिय रहते थे। कई वरीय पुलिस अधिकारियों के साथ और उनके निर्देश पर श्री राम ने रांची के इन अपराधियों को काबू में लाने में अहम भूमिका अदा की थी। उस दौर में उन्हें एनकाउंटर स्पेशलिस्ट टीम का सक्रिय सदस्य भी माना जाता था। वर्ष 2015 में रिटायर होने के वक्त वह प्रोन्नति पाकर डीएसपी बन चुके थे। सेवानिवृत्ति के बाद चुटिया में अपने निवास पर रहने के दौरान वह कई सामाजिक संगठनों से भी सक्रिय तौर पर जुड़े रहे और जनसेवा के कार्यों में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।

# फ्री चिकित्सा जांच शिविर में 37 मरीजों की हुई जांच




**रांची:** विजन आरोग्यम संस्थान (कांति मार्केट पिस्का मोड़,रातू रोड रांची)के तत्वावधान में आज निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर सह सम्मान समारोह का आयोजन संस्थान के कोर कमेटी सदस्य वीणाश्री की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

इस मौके पर बी.एड.कॉलेज के प्रोफेसर रोमी सेठी,छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा,संरक्षक पिया बर्मन मौजूद थे।

कार्यक्रम के दौरान संस्थान के निदेशक राजीव रंजन मिश्रा ने रक्त संचार थेरेपी एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के द्वारा 37 मरीजों की जांच की और उन्हें ठंड मौसम मे होने वाली बीमारियों से बचने के टिप्स भी दिए।

मौके पर रक्त संचार थेरेपी सह प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के विशेषज्ञ राजीव रंजन मिश्रा ने कहा बिना चिर फाड़ के इस पद्धति द्वारा सभी प्रकार के दर्द, ब्लड प्रेशर,शुगर,कोलेस्ट्रॉल, अनिद्रा,माइग्रेन,मोटापा आदि आदि बीमारियों की ईलाज की जाती है। इसके पूर्व कला संस्कृति, शिक्षा,देश की सेवा करने वाले एवं सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले हुनरबाज बिरसा मुंडा (वंशज )जन्म स्थली खूंटी के कमल मुंडा,सुखराम पाहन,भारतीय थल सेवा के अवकाश प्राप्त फौजी उपेंद्र चौधरी,युसूफ लकड़ा,कला प्रेमी परवेज खान,सोहेल खान, मोहम्मद कलाम,तबरेज खान, सलीम भाई को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित एवं सरस्वती वंदनाकर किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्यरूप से ममता कुमारी,ममता मिश्रा व अन्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**खुली ई निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक/स. एवं दू.उ.प.रे. जयपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा का ऑनलाइन ई–टेंडर आमंत्रित किया जाता है। **ई–टेंडर नोटिस नंबर एसएनटी–जेपी–19–2024–25 दिनांक :–20.01.2025 1. कार्य का नाम व लोकेशन** : जयपुर मंडल पर टीटीआर (सीएस + टीडब्ल्यूएस + सीएमएससी –150 सेट) के संबंध में सिगलिंग कार्य। **2. अनुमानित लागत** : रू. 1,50,17,382.56/– **3.बिड सिक्यूरिटी** : रू. 2,25,100.00/– **4. वेबसाइट पर टेंडर भरने की अंतिम तिथि एवं समय** : 13.02.2025 समय 15.00 बजे तक। **5. वेबसाईट का विवरण और नोटिस बोर्ड की लोकेशन** : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। नोटिस बोर्ड लोकेशन मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय, पावर हाउस रोड, जयपुर।

81-DR/25

हमें NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

# आर्मी पब्लिक स्कूल में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई





मेट्रो रेज

**रांची:** आमी पब्लिक स्कूल में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कक्षा ग्यारहवी के छात्र-छात्राओं नेबारहवी के छात्रो को गुलाब पुष्प देकर विद्यालय में उनका स्वागत किया। इसके बाद कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। स्कूल के पेटर्न ने बच्चों को उनके 'बोर्ड एग्जाम के लिए और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। स्कूल चेयरमैन और प्रधानाचार्य अभय कुमार सिंह ने भी छात्रों के उज्ज्वल एवं सुखद भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य ने छात्रों के भावी जीवन की सफलता के लिए उन्हंप्रित करते हुए स्मृति चिन्ह भी भेंट किए । ग्यारहवीं के विद्यर्थियों ने 12वीं कक्षा के विद्यर्थियों को उपहार और टाइटल देकर सम्मानित किया।

11वीं के छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। विद्यालय के चेयरमैन ने कहा कि छात्र अलग-अलग विषयों की पढ़ाई कर के अपने जीवन में आगे बढ़ेंगे । उन्होंने कहा कि विद्यर्थी उच्चतर शिक्षा ग्रहण करके स्कूल और माता-पिता दोनों का नाम रोशन करेंग । विद्यालय प्रधानाचार्य अभय कुमार सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को उनकी बोर्ड परीक्षा हेतु शुभकामनाएँ दी व जीवन सदा अनुशासन तथा वरिष्ठ जनों का सम्मान करने की सीख प्रदान की । विद्यालय उप प्रधानाचार्या गीता सिंह ने भी बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी। अंत में बच्चों के लिए प्रतियोगिता हुई जिसमें अद्विका शर्मा को मिस एपीएस और डब्ल्यू एल अल्बर्ट को मिस्टर एपीएस चुना गया । इस आयोजन को सफल बनाने के लिए विद्यालय के समस्त सदस्यों ने अपना योगदान दिया।

**कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी**

**Email ID: npkhunti2006@gmail.com**

ज्ञापांक 59 खूँटी, **आम सूचना** दिनांक 18.01.2025

राज्य के नगर निकायों में पिछड़ा वर्गों को आरक्षण दिए जाने की पात्रता निधारण हेतु जिला प्रशासन द्वारा नगर निकाय स्तर पर डोर–टू–डोर सर्वे का कार्य किया जा रहा है। नगर पंचायत, खूँटी का डोर–टू–डोर सर्वे के उपरांत सर्वे रिर्पोट को नगर पंचायत, खूँटी कार्यालय के नोटिस बोर्ड, अनुमण्डल पदाधिकारी, खूँटी के कार्यालय, उपायुक्त, खूँटी के कार्यालय एवं खूँटी जिला के वेबसाईट पर प्रकाशित किया गया है। आमजन से अनुरोध है कि प्रकाशित सर्वे रिर्पोट पर यदि कोई आपत्ति हो तो रिर्पोट प्रकाशित होने के 07 दिनों के अन्दर खूँटी जला शिकायत निवारण पदाधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति अवश्य दर्ज करायें ताकि आपत्ति का ससमय निराकरण किया जा सके।

ह0/–
प्रशासक,
नगर पंचायत, खूँटी

PR 344668 Urban Development(24-25)#D

**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन, एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)**
**कार्यालय–जिला कृषि पदाधिकारी, खूँटी**

**अल्पकालिन निविदा आमंत्रण संबंधी सूचना**
**निविदा प्राप्ति का स्थान–जिला कृषि कार्यालय,खूँटी**
**पुनः अल्पकालिन निविदा प्राप्ति की तिथि–21.01.2025 से 30.01.2025 तक कार्यालय अवधि तक**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में सचिव, कृषि पशुपालन, एवं सहकारिता विभाग झारखण्ड, राँची के राज्यादेश संख्या –63 दिनांक 10.01.2024 के अनुपालन में राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत Leaf Colour chart योजना के कार्यान्वयन हेतु निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु मोहरबंद सील लिफाफे में निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

| Sl. No. | Particulars | No |
|---|---|---|
| 1 | 05 (five) Panel leaf colour chart(LCC) for paddy crop with folder | One |
| 2 | 06(six) Panel Leaf colour chart for wheat crop with folder | One |
| 3 | 06(six) Panel Leaf colour chart for Maize crop with folder | One |

नोट :–अधिक जानकारी के लिये निम्न बेवसाईट पर सम्पर्क करें (https://www.khunti.nic.in)

जिला कृषि पदाधिकारी,
खूँटी

PR 344673 (Agriculture)24-25*D

## सूक्ति

मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़ेः
अटल बिहारी वाजपेय

## मुफ्तखोरी के चुनाव

**भाजपा** का दिल्ली संकल्प-पत्र भी मुफ्त की रेवड़ियों का संकलन लगता है। इसी के साथ सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने मुफ्तखोरी के पिटारे खोल दिए हैं। यह मुफ्तखोरी का दौर है। यदि औसत आदमी को बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य मुफ्त में ही मिल जाएं। आयुष्मान भारत योजना के साथ 5 लाख रुपए तक का इलाज (यानी 10 लाख रुपए तक मुफ्त) भी फ्री में उपलब्ध हो जाए। यदि 2100 रुपए से 2500 रुपए तक माहवार मुफ्त में ही महिलाओं को मिलते रहें, यदि बुजुर्गों की पेंशन भी 2500-3000 रुपए तय कर दी जाए, तीर्थ-यात्रा भी मुफ्त में कराई जाए, बस-यात्रा और मेट्रो-यात्रा भी मुफ्त या आधी हो जाए, देश भर में 81 करोड़ से ज्यादा गरीबों को मुफ्त अनाज बांटने के अतिरिक्त 5 रुपए में भरपेट खाने की योजना भी मिल जाए, तो बेहद अहम सवाल है कि काम कौन और क्यों करेगा? यदि देश में कमेरों की संख्या लगातार कम होती जाएगी, तो देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का क्या होगा? औसत व्यक्ति की मांग, उपभोग ही कम होते जाएं, तो उत्पादन और बाजार के हालात कैसे होंगे? जिस देश में अधिकतर आबादी मुफ्तखोरी पर जिंदा हो, तो उसकी अर्थव्यवस्था विकसित कैसे हो सकती है? पहले किसी भी चुनाव में, रात के अंधेरों में, शराब के साथ नोट भी बांटे जाते थे, लेकिन अब खुल्लमखुल्ला पैसा ही नहीं, साड़ी, कंबल, चादर, जूते-चप्पल और सोने की चेन (जैसी चर्चा है) तक बांटी जा रही हैं। आचार-संहिता की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। सब खामोश और मूकदर्शक बने हैं। यह जनादेश का चुनाव है या एक-एक वोट खरीदा जा रहा है अथवा लोकतंत्र ही बेचा जा रहा है। मुफ्तखोरी की इस राजनीति ने आम आदमी को भिखारी ही बना दिया है। प्रधानमंत्री मोदी के दो बयान गौरतलब हैं, लेकिन विरोधाभासी भी हैं। प्रधानमंत्री ने करीब दो साल पहले, किसी चुनाव में ही, कहा था कि रेवड़ियों की संस्कृति से देश का बंटाधार हो जाएगा। देश की अर्थव्यवस्था के लिए यह बहुत खतरनाक है। दूसरा बयान था- रेवड़ी कल्चर जनता को मूर्ख बनाने की कोशिश है। विरोधाभास यह है कि प्रधानमंत्री की पार्टी भाजपा ही सबसे अधिक, व्यापक स्तर पर, रेवड़ियां बांट रही है। आम आदमी पार्टी (आप) की राजनीति तो दिल्ली, पंजाब तक सीमित है। कांग्रेस की तीन राज्यों में ही सरकारें हैं। भाजपा-एनडीए की सरकारें 20 से अधिक राज्यों में हैं। सवाल है कि देश प्रधानमंत्री के बयान पर भरोसा करे अथवा चुपचाप मुफ्तखोरी का माल ग्रहण करता रहे? आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने तो रेवड़ियों को भगवान का प्रसाद माना है। आप की दलीलें हैं कि उद्योगपतियों के 15-16 लाख करोड़ रुपए माफ किए जा सकते हैं, तो आम आदमी को कुछ सुविधाएं देना भी कल्याणकारी सरकारों का दायित्व है। दिल्ली चुनाव में मुफ्तखोरी की तो बहार है, लेकिन किसी भी दल ने नौकरी, रोजगार मुहैया कराने की चरणबद्ध योजना की घोषणा नहीं की है। यह प्रवृत्ति फिलहाल तो दिल्ली चुनाव में ही देखी जा रही है, अलबत्ता अन्य राज्यों के चुनावों में भी ऐसा लगता है मानो खुलेआम रिश्वत बांटी जा रही है! दिल्ली में भाजपा को यह घोषणा भी करनी पड़ी है कि यदि उनकी सरकार आई, तो आप सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को भी जारी रखा जाएगा। उन्हें अधिक कारगर और भ्रष्टाचार-मुक्त बनाया जा सकता है। यदि भाजपा आप सरकार की योजनाओं को भी जारी रखना चाहती है, तो सवाल है कि फिर भाजपा को ही जनादेश क्यों दिया जाए? बहरहाल अभी देश पर करीब 200 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है। यह कर्ज क्यों लेना पड़ा, देश के सामने स्थिति साफ नहीं है, लेकिन जीडीपी का मोटा हिस्सा कर्ज चुकाने में ही खर्च हो जाता है। राज्यों पर भी 3 लाख करोड़ से लेकर 7.5 लाख करोड़ रुपए तक के कर्ज हैं। दिल्ली अर्द्धराज्य में भी 15,881 करोड़ रुपए का वित्तीय घाटा दिखाया गया है। ऐसे देश में मुफ्तखोरी की राजनीति करना, रेवड़ियों की बढ़-चढ़ कर घोषणाएं करना क्या देशहित में है? स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि देश की राजनीति इस समय मुफ्तखोर जनता को पैदा कर रही है। कई देशों में इस तरह की राजनीति के भयंकर परिणाम सामने आ चुके हैं। अब समय आ गया है कि मुफ्तखोरी की राजनीति को रोकने के लिए सभी दलों को देशहित में सोचना होगा। काम से दूर करना और मुफ्तखोरी की आदत डालने से भारत विकसित देश नहीं बन पाएगा। देश के हर नागरिक को डटकर काम करना होगा, आर्थिकी में सहयोग करना होगा, तभी विकसित भारत का सपना साकार होगा। मुफ्त की सुविधाएं बांटने के बजाय दलों को सभी युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने होंगे।

## चौकसी जरूरी

**प्रयागराज** में महाकुंभ के दौरान भीषण आग लगना चिंता की बात है। शुक्र है कि अखाड़े.वालों व दमकलकर्मियों ने फौरन आग पर काबू पा लिया। एकदिन पहले भी इसी तरह आग लगी थी। आग सेक्टर 19 में शास्त्रीय पुल के नीचे लगी। 25 में से 20 टेंट व ढेरों फूस की झोपड़ियां जलकर खाक हो गई। कहा गया खाना पकाते समय आग लगी। जिसमें तीन कुकिंग सिलेंडरों के ब्लास्ट से श्रद्धालुओं में अफरा- तफरी का माहौल हो गया। पूरे महाकुंभ मेले में एलर्ट जारी कर दिया गया। दमकल को घटनास्थल तक पहुंचने में देरी का कारण भीड़.बताया जा रहा है। हालांकि कोई जन हानि नहीं हुई है। मगर लोगों में दहशत जरूर फैल गई। आग की विकराल लपटें दारागंज- झूंसी के बीच बने नये ट्रेनपुल के करीब पहुंच गई। महाकुंभ स्पेशल ट्रेन को रोकने में नाकाम रेलवे ने उसे निकालने के बाद प्रयागराज- वाराणसी रेलमार्ग पर आने-जाने वाली तमाम ट्रेनों की आवा-जाही रोकी गई। उप्र के मुख्यमंत्री प्रयागराज में ही मौजूद थे। उन्होंने घटनास्थल का दौरा किया और मामले के मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए। भारी भीड़.को संभालना निश्चित रूप से बड़ी चुनौती है। ये टेंट निजी कंपनी द्वारा लगवाए गए हैं। मगर बता रहे हैं इनके भीतर आग जलाने की बात उक्त कंपनी से नहीं की गई थी। 144 बाद के पड़ने वाले इस महाकुंभ का विशेष महत्व है। जिसे देखते हुए मौनी अमावस्या व बसंत पंचमी को भारी भीड़.पहुंचने का अंदाजा लगाया जा रहा है। इसे देखते हुए व्यवस्था को चाक- चौबंद रखना टेढ़ी खीर हो सकती है। पिछले यानी 2013 के कुंभ के दरम्यान तीन दर्जन श्रद्धालु भगदड़.में मारे जाने जैसी घटनाओं से सीख लेने की जरूरत है। मुफ्त भोजन व भंडारों के बावजूद श्रद्धालु अपनी खाने- पीने की व्यवस्था करते हैं। ठिठुरा देने वाली सर्दी से बचाव के लिए अलाव जलाये जाते हैं। बीड़ी-सिगरेट, चिलम पर पाबंदी मुश्किल है। ऐसे में गैस सिलेंडर लाने, स्टोव या चूल्हा जलाने वालों को रोका जाना और भी दुष्कर है। भीड़.को देखते हुए व्यवस्था बनाये रखना बड़ी चुनौती है, परंतु उससे भी बड़ी दिक्कत अपने यहां अतिविशिष्टों की सुरक्षा- व्यवस्था में जुटना भी कम नहीं है। सुरक्षातंत्र का बड़ा अमला वीआईपी स्नान में इतना व्यस्त हो जाता है कि आम जनता से ध्यान भंग होना लाजमी है। जनता में भी जागरूकता बढ़रूने की जरूरत है। हालांकि इतने बड़े. आयोजन में ज्वलनशील सामग्री को सुरक्षित रखना नामुमकिन है। फिर भी दमकल विभाग को विशेषाधिकारों द्वारा चौकस बनाए जाने की जरूरत है।

# रक्षक ही हों भक्षक, तो बालिकाएं कहां सुरक्षित

2024 की रिपोर्ट के अनुसार 60.2 प्रतिशत महिलाएं उनके करीबी साथी या परिवार के सदस्यों द्वारा मारी गई हैं और 11.2 प्रतिशत आदमी मारे गए हैं। 2023 में 51100 औरतों और लड़कियों को उनके साथी या परिवार के सदस्यों ने मारा है। महिला हत्या के केस विकसित देश, जैसे अमेरिका में भी बढ़ रहे हैं। 2023 में 8300 मौतें लड़कियों और महिलाओं की हुई हैं। बाल यौन शोषण के मामले भारत में बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं। ये मामले विभिन्न अधिनियमों के अंतर्गत दर्ज किए जाते हैं।

**सत्यपाल वशिष्ठ**

**वराहमिहिर** ने कहा था कि भगवान ने एक रत्न बनाया है औरत, उसको घर में खुशहाली की देवी के रूप मे इज्जत देनी चाहिए। मनु ने भी औरतों को सम्मान देने को कहा। उन्होंने कहा कि किसी परिवार का खुशहाल होना औरत को सम्मान देने से सीधा सम्बन्ध रखता है। परंतु वर्तमान में नारी की स्थिति इतनी आदरणीय नहीं है। उनकी स्थिति दयनीय है। अभी भी उनको सारी उम्र पुरुष यौन दमन, सामाजिक पाखंड, नैतिकता और परंपराओं की आड़ में अन्याय और हर जगह असमानता का सामना करना पड़ रहा है। लिंग आधारित हिंसा एक वैश्विक चुनौती बनी हुई है। औरत को इस सोच के साथ मारा जाता है कि वह औरत है। औरतों के साथ घर, काम के स्थान, स्कूल और सार्वजनिक स्थानों पर परिवार के सदस्यों, नजदीकी साथियों, शिक्षकों, राजनीतिज्ञों, धार्मिक गुरुओं तथा अन्यों द्वारा हिंसा, यौन उत्पीड़न यौन हिंसा, हानिकारक प्रथाएं, ट्रेफिकिंग, कार्यस्थल पर भेदभाव आदि द्वारा प्रताड़ित किया जाता है। संसार में 140 औरतें और लड़कियां हर दिन अपने परिवार के सदस्यों तथा नजदीकी साथियों के हाथों अपनी जान गंवा बैठती हैं। संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के अनुसार औरतों और लड़कियों के लिए घर ही एक खतरनाक स्थान बन गया है। 2024 की रिपोर्ट के अनुसार 60.2 प्रतिशत महिलाएं उनके करीबी साथी या परिवार के सदस्यों द्वारा मारी गई हैं और 11.2 प्रतिशत आदमी मारे गए हैं। 2023 में 51100 औरतों और लड़कियों को उनके साथी या परिवार के सदस्यों ने मारा है। महिला हत्या के केस विकसित देश, जैसे अमेरिका में भी बढ़ रहे हैं। 2023 में 8300 मौतें लड़कियों और महिलाओं की हुई हैं। बाल यौन शोषण के मामले भारत में बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं। ये मामले विभिन्न अधिनियमों के अंतर्गत दर्ज किए जाते हैं। यौन शोषण के बहुत से मामले दबा दिए जाते हैं। बहुत कम मामले ही रिपोर्ट किए जाते हैं।

बालिकाओं पर यौन शोषण के निम्नलिखित कुछ मामले जो हाल ही में घटित और दर्ज हुए हैं, उनको देखकर लगता है कि महिलाओं को अभी भी समाज आदर से नहीं देखता है। उनको अभी भी भोग की वस्तु समझ रखा है। असम के तिनसुकिया में 29 नवंबर 2024 को 15 वर्षीय एक किशोरी के साथ 4 नाबालिगों समेत 7 लोगों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म से किशोरी को 26 हफ्ते का गर्भ गिराने की गुहाटी हाईकोर्ट ने अनुमति दी है। 4 दिसंबर 2024 को कोलकाता में 7 महीने की बच्ची से दुष्कर्म किया गया। आरजीकर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल के डाक्टर बच्ची के निजी अंगों के पास चोट के निशान देख कर हैरान थे। 15 दिसंबर 2024 को हिमाचल के शिमला जिले में 80 वर्षीय व्यक्ति ने अपनी 15 वर्षीय पोती का रेप कर दिया और मौके से फरार हो गया। बच्ची के पिता ने मामला पुलिस में दर्ज करवा दिया है। 26 अक्टूबर 2024 को शिमला जिले के सुन्नी क्षेत्र में स्कूली नाबालिग छात्रा के साथ स्कूल के प्रवक्ता ने छेड़छाड़ की। 17 दिसंबर 2024 को झारखंड के रामगढ़ जिले में 40 वर्षीय शिक्षक को पुलिस ने गिरफ्तार किया। शिक्षक ने स्कूल की छात्रा के साथ शौचालय में छेड़छाड़ की थी। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने 17 दिसंबर को इलाहाबाद कोर्ट के फैसले को रद्द करके 2 पुरुषों को गिरफ्तार करने के आदेश दिए। इन दोनों ने 14 वर्षीय बच्ची का रेप किया था और जमानत पर थे। जमानत देते समय सर्वाइवर को पार्टी नहीं बनाया गया था। हिमाचल में उपमंडल नादौन के 67 वर्षीय पुरुष को 15 वर्षीय बच्ची के साथ रेप करने पर सत्र न्यायालय ने 22 दिसंबर 2024 को 25 वर्ष की सजा सुनाई। परमणी के एक व्यक्ति ने 26 दिसंबर 2024 को अपनी पत्नी को जिंदा जला दिया क्योंकि उसने 3 बार पुत्रियों को जन्म दिया था। 9 जनवरी 2025 को मध्यप्रदेश के दमोह जिले में 12 वर्षीय लडकी के साथ 3 लोगों ने गैंगरेप किया। इनमें एक व्यक्ति लडकी का परिचित था। शिमला में 7 साल की मासूम बच्ची के साथ दुराचार का मामला हुआ। आरोपी बच्ची की मां का शादीशुदा चचेरा भाई है। उत्तराखंड के चमोली जिला की अदालत ने नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म करने पर पिता को 20 साल के कारावास की सजा सुनाई। हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के मलोखर के पास सडक किनारे कपड़े में लिपटी एक नवजात बच्ची को 4 जनवरी 2025 को सुबह 4 बजे किसी ने रखा था, जो रो रही थी। उसे अब अस्पताल में चिकित्सकों की देखरेख में रखा है। इसी तरह 30 सितंबर 2024 को बिलासपुर के बरमाणा थाना के अंतर्गत गुगा भटेड़ के पास एक नवजात को एक घर की सीढ़ियों के पास रखा था जिसका आज तक कोई पता नहीं लगा। 11 जनवरी 2025 को केरल के पथानामधिट्टा जिले के 2 थानों में 18 साल की एक एथलीट ने प्राथमिकी दर्ज करवाई कि पिछले 5 साल में 60 लोगों ने उसका यौन शोषण किया। शोषण करने वालों में कोच, साथी एथलीट, सहपाठी और कई लोग शामिल हैं। समूचे भारतवर्ष में तो महिलाओं और नाबालिगों के यौन शोषण के बहुत ही केस हो रहे हैं।

उनकी तरफ न जाकर केवल देवभूमि और शांतिप्रिय हिमाचल प्रदेश के राज्य क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के जारी आंकड़ों को देखें तो 2023 में 344 रेप केस दर्ज हुए, 504 केस महिलाओं पर हमले के तथा 439 केस व्यपहरण और अपहरण के रिपोर्ट हुए हैं। छोटी काशी कहलाई जाने वाली मंडी के पुलिस रिकार्ड में दर्ज 2024 वर्ष के रेप के 54 मामलों में से केवल 2 ही मामलों में किसी अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है, बाकी 52 मामलों में आरोपी ज्ञात व्यक्ति हैं, जिनमें भाई, चचेरा भाई, बहनोई, पड़ोसी, मित्र और जान-पहचान के लोग हैं। अपनों की ही नीयत ठीक नहीं है तो बालिकाएं कहां सुरक्षित होंगी? इसी के दृष्टिगत भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 2008 से राष्ट्रीय बालिका दिवस हर साल 24 जनवरी को एक नए थीम के साथ मनाने का फैसला लिया, ताकि बालिकाओं के अधिकारों तथा असमानता के बारे में बालिकाओं और नागरिकों को जागरूक किया जा सके। वर्तमान में रेप के लिए बहुत सख्त कानून तथा सजा के प्रावधान हैं, परंतु इसके बावजूद रेप केस दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे हैं। इनसे निपटने के लिए भारत सरकार को कई देशों द्वारा रेपिस्ट्स को दी जा रही कड़ी सजा का अध्ययन करना चाहिए और नई नीति बनानी चाहिए।

# बच्चों की परवरिश-दिशा पर हो व्यापक चिंतन

आजकल के युवा अपने करियर के बारे में बहुत सोचते हैं। वे अपने सपनों को पूरा करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में करियर बनाने की कोशिश करते हैं। लेकिन कई बार वे अपने करियर के बारे में सोचते समय भ्रमित हो जाते हैं और अपने जीवन को एक अलग ही दिशा में मोड़ लेते हैं, जहां से वापसी असंभव सी प्रतीत होती है। भारतीय बच्चों की परवरिश के दौरान उन्हें सामाजिक जिम्मेदारी के बारे में भी सिखाया जाता है। वे अपने माता-पिता और शिक्षकों से प्रेरणा लेते हैं और समाज की सेवा करने के लिए काम करते हैं।

**मनोज डोगरा**

**भारतीय** बच्चों की परवरिश एक महत्वपूर्ण विषय है, जो उनके भविष्य को आकार देता है। बच्चों की परवरिश के दौरान उन्हें विभिन्न मूल्यों, संस्कारों और ज्ञान की प्राप्ति होती है। लेकिन जब वे युवा बन जाते हैं, तो वे अपने जीवन की दिशा के बारे में सोचने लगते हैं। आजकल के युवा अपने जीवन की दिशा के बारे में बहुत सोचते हैं। वे अपने सपनों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। लेकिन कई बार वे अपने जीवन की दिशा के बारे में सोचते समय भ्रमित हो जाते हैं। हम भारतीय बच्चों की परवरिश के बाद युवा किस दिशा में जाने के बारे में चर्चा करें, तो हम देखते हैं कि माता-पिता स्वयं संकुचित जीवन जीकर कम संसाधनों में जीवनयापन करके अपने बच्चों का जीवन बेहतर हो, इस बात के लिए चिंतित रहते हैं तथा अपनी अधिकांश कमाई बच्चों के भविष्य निर्धारण में खपाते हैं। साथ ही भारतीय बच्चों की परवरिश के दौरान उन्हें शिक्षा और करियर के बारे में बहुत जोर दिया जाता है। वे अपने माता-पिता और शिक्षकों से प्रेरणा लेते हैं और अपने सपनों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। आजकल के युवा अपने करियर के बारे में बहुत सोचते हैं।

वे अपने सपनों को पूरा करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में करियर बनाने की कोशिश करते हैं। लेकिन कई बार वे अपने करियर के बारे में सोचते समय भ्रमित हो जाते हैं और अपने जीवन को एक अलग ही दिशा में मोड़ लेते हैं, जहां से वापसी असंभव सी प्रतीत होती है। भारतीय बच्चों की परवरिश के दौरान उन्हें सामाजिक जिम्मेदारी के बारे में भी सिखाया जाता है। वे अपने माता-पिता और शिक्षकों से प्रेरणा लेते हैं और समाज की सेवा करने के लिए काम करते हैं। आजकल के अधिकतर युवा अपने समाज की सेवा करने के लिए बहुत काम करते हैं। वे विभिन्न सामाजिक कार्यों में शामिल होते हैं और समाज की सेवा करने के लिए काम करते हैं। वो तो ठीक है प्रशंसनीय है, मगर एक समय था जब ज्यादातर भारतीय माता-पिता अपने बच्चों के लालन-पालन से जुड़ी हर चिंता से तकरीबन मुक्त रहते थे। देश में जो नया मध्यवर्ग पिछले दो-ढाई दशक में तैयार हुआ है, वह अपने बच्चों के लालन-पालन, शिक्षा और भविष्य संबंधी तैयारियों से लेकर उनके लिए हर किस्म की सुख-सुविधाएं जुटाने के लिए काफी सक्रिय है। बच्चों को वह हर सहूलियत देना चाहता है, जो शायद उसे अपने बचपन में नहीं मिली, लेकिन इस चाहत ने अभिभावकों को न सिर्फ बेतहाशा खर्च का दबाव झेलने को मजबूर किया है, बल्कि ऐसे संकट भी पैदा कर दिए हैं जो जानलेवा भी साबित हो रहे हैं। कुछ समय पहले उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में आधी रात के बाद एक आलीशान कार में सवार छह युवा हादसे का शिकार हो गए। दुर्घटना को लेकर काफी कुछ कहा गया। जैसे किसी ने दूसरी कार से होड़ लेने, तो किसी ने पार्टी से लौटते इन युवाओं के शराब के नशे में होने और कार की रफ्तार ज्यादा होने के अंदाजे लगाए। दुर्घटना से जुड़े तथ्यों की जांच में हो सकता है कि आखिर में कोई सच सामने आए। मगर एक चीज को फिर भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, वह है परवरिश। आज की पीढ़ी की परवरिश कैसी है, इसे शायद ही किसी जांच में परखा जाता हो। मगर देर रात पार्टी, नशीले पदार्थों का सेवन, आधुनिक फोन और गैजेट से लेकर फैशनेबल कपड़ों और महंगी कारों के शौकीन अठारह से बाइस-चौबीस साल के नौजवानों को देख कर लगता है कि उनकी जिंदगी में कोई अभाव नहीं है। उन्हें अपने भविष्य की चिंता है और न ही इसकी कोई फिक्र है कि अगर नौकरी नहीं मिली तो क्या होगा। जरूरी नहीं कि ऐसे दृश्य सिर्फ दिल्ली और मुंबई जैसे महानगरों में आम हों। लखनऊ, चंडीगढ़, देहरादून, नोएडा, गुरुग्राम, हैदराबाद, हर मझोले और बड़े शहरों में करीब एक जैसी स्थिति दिखाई देती है। हिमाचल प्रदेश भी इन घटनाओं में शामिल है। शहरों में नए मध्यमवर्ग का एक हिस्सा ऐसा है जहां अभिभावक अपनी संतानों को महंगी से महंगी चीजें दिला रहे हैं। उन्हें इसकी परवाह भी नहीं है कि ऐसी बेशकीमती चीजें पाने वाले उनके बच्चे उसकी कीमत और उनके इस्तेमाल की समझ भी रखते हैं या नहीं। आज देश के उच्च शिक्षण संस्थानों, खासकर महंगे निजी विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र हर छोटे अंतराल पर पार्टी करने, देर रात कारों में सवार होकर सडकों पर हुड़दंग मचाने, नाचने और तेज रफ्तार से वाहन चलाते हुए स्टंट करने में लिप्त पाए जाते हैं। बेहद गंभीर पक्ष यह है कि देश के ज्यादातर बड़े शहरों में नशीले पदार्थों की बड़ी-बड़ी खेपें पकड़े जाने की कई खबरें आई हैं। ये नशीले पदार्थ वहां किसके लिए पहुंच रहे हैं, इसे हर कोई जानता है। इन सब चीजों को आपस में जोड़ने वाली कड़ी है वह धन, जो अभिभावक अपनी संतानों को बिना यह जाने मुहैया करा रहे हैं कि वे इस पैसे का क्या करेंगे। अब खुद अभिभावक बच्चों को सुख-सुविधाएं जुटा कर दे देते हैं जिसे हासिल करने के लिए उन्हें लंबा संघर्ष करना पड़ता है। ऐसे अभिभावक शायद इस बात को नहीं सोचते कि हर चीज लाकर देना कहीं हमारे बच्चों में उदासीनता का कारण तो नहीं बनेगा। अभिभावक भी मानो इस अपराधबोध से ग्रस्त रहते हैं कि जो चीजें उन्हें उनके मां-बाप नहीं दे सकते, नहीं दे सके, अगर वे अपने बच्चों को नहीं दिला पाए, तो उनमें कोई हीनभावना आ जाएगी। इसलिए मूल प्रश्न यह है कि क्या अभिभावक इस प्रवृत्ति में छिपी कई समस्याओं और उनके अर्थ को समझ पाएंगे?

युवा पीढ़ी की परवरिश कैसी है, इसे परखा जाना चाहिए। देर रात पार्टी, नशीले पदार्थों का सेवन, आधुनिक फोन और गैजेट से लेकर फैशनेबल कपड़ों और महंगी कारों के शौकीन अठारह से बाईस चौबीस साल के नौजवानों को देख कर लगता है कि उनकी जिंदगी में कोई अभाव नहीं है। न उन्हें अपने भविष्य की चिंता है और न ही इसकी कोई फिक्र है कि अगर नौकरी नहीं मिली तो क्या होगा? जरूरी नहीं कि ऐसे दृश्य सिर्फ दिल्ली और मुंबई जैसे महानगरों में आम हों। बल्कि हर मझोले और बड़े शहरों में करीब एक जैसी स्थिति दिखाई देती है। हमारे देश में बीते दो-तीन दशकों के बीच जो नवधनाढ्य या नया मध्यमवर्ग सामने आया है, उसमें दिखावा अधिक प्रतीत होता है। नव-धनाढ्य में कई बार तो दिखावा इतना अधिक बढ़ गया है कि माता-पिता अपने बच्चों की जरूरतें पूरी करने के लिए भारी-भरकम कर्ज ले लेते हैं।

# परमात्मा

## चिंतन-मनन

**ओशो**

**लो**ग मेरे पास आते हैं और वह कहते हैंः हम परमात्मा को जानना चाहते हैं,परमात्मा कहां हैं?' अब यह प्रश्न ही अर्थ हीन है? वह कहां नहीं है? तुम पूछते हो कि वह कहां है, तुम्हें बिल्कुल ही अंधा होना चाहिए। क्या तुम उसे देख नहीं सकते हो? केवल वही तो है, वृक्षों में, पक्षियों में,पशुओं में,पहाड़ों में, जल में, नभ में, सब जगह वहीं तो है। एक स्त्री में एक पुरुष मेंपिता में माता में बेटे में कहां नहीं हैं। उसी ने तो इतने सारे रूप ले लिए है। हर तरफ वही तो है। वह हर जगह से तुम्हें पुकार रहा है और तुम सुनते ही नहीं हो। तुमने अपनी आंखें हर तरफ से बंद कर ली है। तुमने अपनी आंखों पर पट्टियां बांध ली है। तुम बस किसी और देखते ही नहीं हो। तुम एक बहुत ही संकरे ढंग से बड़े ही केंद्रीभूत तरीके से जी रहे हो। यदि तुम धन की और देख रहे होते हो, तुम बस धन की तरफ देखते हो; फिर तुम किसी और तरफ नहीं देखते हो। यदि तुम शक्ति की तलाश में होते हो, तुम केवल शक्ति की और ही देखते हो, तुम किसी और तरफ नहीं देखते। और स्मरण रखनाः धन में परमात्मा नहीं है,क्योंकि धन तो मनुष्य निर्मित है और परमात्मा तो मनुष्य निर्मित हो ही नहीं सकता। जब मैं कहता हूं कि परमात्मा हर जगह है, स्मरण रखना कि उन चीजों को, जिन्हें मनुष्य ने निर्मित किया है, इसमें शामिल नहीं करना है। परमात्मा मनुष्य निर्मित नहीं हो सकता। परमात्मा धन में नहीं है। धन तो मनुष्य का एक बड़ी चालाकी भरा आविष्कार है। और ईश्वर शक्ति में भी नहीं है,वह भी मनुष्य का एक पागलपन है। किसी पर अधिपत्य जमाने का विचार ही विक्षिप्त है। यह विचार ही कि मैं सत्ता में रहूं और दूसरे सत्ता विहीन रहे, एक पागल आदमी का विचार है, एक विनष्टकारी विचार है। परमात्मा राजनीति में नहीं है और परमात्मा धन में भी नहीं है। न ही परमात्मा मह'वकांक्षा में ही है, लेकिन परमात्मा हर उस चीज में है, जहां मनुष्य ने उसे नष्ट नहीं किया। जहां मनुष्य ने कोई अपनी ही रचना नहीं की है। आधुनिक जगत में यह सर्वाधिक कठिन बातों में से एक है। क्योंकि चारों तरफ से तुम इतनी मनुष्यझनिर्मित चीजों से घिरे हुए हो। क्या तुम बस इस तथ्य को देख नहीं पात? जब तुम एक वृक्ष के समीप बैठे होते हो परमात्मा को महसूस करना आसान है। जब तुम कोलतार की बनी सड़क पर बैठे होते हो तुम उस कोलतार की सड़क पर परमात्मा को वहां न पाओगे। यह बहुत सख्त है।

## आपके पत्र

### छात्रों की आत्महत्याओं के लिए कौन जिम्मेदार?

**पिछले** दिनों राजस्थान उच्च न्यायालय ने कोटा में कोचिंग सेंटरों में छात्रों की आत्महत्या के मामलों की सुनवाई करते हुए एक महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि कोचिंग सेंटरों में छात्रों की आत्महत्या के लिए सिस्टम नहीं, बल्कि अभिभावक जिम्मेदार हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में कुल आत्महत्या दर में सालाना 2 फीसदी की वृद्धि हुई है, जबकि छात्रों की आत्महत्या की दर में 4 फीसदी की वृद्धि हुई है। कोटा से छात्रों की सुसाइड की खबरें नई नहीं हैं। वर्ष 2023 में 28 छात्रों ने आत्महत्या कर ली थी।

पिछले साल भी जुलाई तक आत्महत्याओं का आंकड़ा 14 तक पहुंच चुका है। अभिभावकों के साथ-साथ पूरे सिस्टम को इस मसले पर विचार करना है।

**मनोज सिंह**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज ब्रीफ

## संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं बल्कि यह हमारे लोकतंत्र की आत्मा है : बघेल




**दुमका :** भारतीय जनता पार्टी दुमका द्वारा संविधान गौरव अभियान के तहत संविधान गोष्ठी का आयोजन सोमवार को शहर के अग्रसेन भवन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष गौरवकांत प्रसाद ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में भारत सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय और पंचायती राज मंत्रालय के केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल उपस्थित थे।

इस अवसर पर जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक देवेंद्र कुंवर, दुमका लोकसभा के पूर्व सांसद सुनील सोरेन, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभयकांत प्रसाद, दुमका जिला प्रभारी संजीव जजवाड़े, प्रदेश मंत्री मुन्ना मिश्रा सहित भाजपा के अनेक वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो.

बघेल ने कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि यह हमारे लोकतंत्र की आत्मा और राष्ट्र के विकास का मूल आधार है। उन्होंने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के योगदान को नमन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार संविधान की मूल भावना को सशक्त करने और हर नागरिक को समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि आज कुछ दल संविधान का नाम लेकर समाज को बांटने और तुष्टिकरण की राजनीति करने में जुटे हैं, लेकिन भाजपा का संकल्प है कि हम संविधान की रक्षा करेंगे और इसे जन-जन तक पहुंचाएंगे। जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक

देवेंद्र कुंवर ने कहा कि संविधान भारत की आत्मा है और भाजपा ही एकमात्र पार्टी है जो बाबा साहब अंबेडकर के सपनों को साकार कर रही है। कांग्रेस और झामुमो की सरकारें अपने स्वार्थ के लिए संविधान की भावना को कुचल रही हैं, लेकिन भाजपा हर नागरिक के अधिकारों की रक्षा के लिए कटिबद्ध है।

पूर्व सांसद सुनील सोरेन ने कहा कि झारखंड में हेमंत सरकार संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करने में लगी है। भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और परिवारवाद ने झारखंड को गर्त में डाल दिया है। भाजपा ही एकमात्र विकल्प है, जो संविधान की रक्षा कर सकती है और संथाल परगना के विकास को गति दे सकती है।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभयकांत प्रसाद ने कहा कि संविधान ने हमें समानता और न्याय का अधिकार दिया, लेकिन झारखंड में झामुमो-कांग्रेस की सरकारें तुष्टिकरण की राजनीति कर संविधान की मूल भावना से खिलवाड़ कर रही हैं। भाजपा का संकल्प है कि हम बाबा साहब अंबेडकर के विचारों को हर घर तक पहुंचाएंगे और उनके सपनों का भारत बनाएंगे।

संविधान गोष्ठी में उपस्थित भाजपा कार्यकताओं और आम नागरिकों ने संविधान की गरिमा बनाए रखने और राष्ट्रहित में भाजपा के मिशन को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने संविधान के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि भारत के प्रत्येक नागरिक की स्वतंत्रता, समानता और न्याय का आधार है।

मीडिया सह प्रभारी नवल किस्कू ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अमरेंद्र सिंह मुन्ना,निवास मंडल,परितोष सोरेन,अमिता रक्षित,जिला महामंत्री द्वेय मनोज पांडे,पवन केसरी,जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह बिट्ठ,बबलू भगत,मार्शल ऋषिराज टुडू,जिला मंत्री सोनी हेंब्रम,जीतलाल राय,गोपीनाथ दत्ता,मोर्चा अध्यक्ष रूपेश मंडल,रमेश मुर्मू,ममता साह,भृगुनाथ यादव, मंडल अध्यक्ष मणिलाल गृही,गणपति पाल,नरेश मंडल,शैलेश राय,अनूप कुमार,मुरलीधर मंडल,अजय भाजपा जिला महिला मोर्चा की जिला अध्यक्षा ममता साह,मृणाल मिश्रा,अखिलेश सिंह,अजय गुप्ता,गोपाल साह,आनंद कुमार,पंकज वर्मा, भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिला अध्यक्षा नीतू झा, प्रदेश प्रवक्ता प्रिया सिंह, पूनम भगत, टिंकू गण,दीप्तांशु कोचगवे ,कुश कुमार मंजू दास,उषा दास, चाइना मंडल, रानी सिंह, दीपाली मंडल, नीतू सिंह,ओम केशरी सहित सभी मंडल अध्यक्ष,कार्यकर्ता आदि मौजूद थे.

## केंद्रीय राज्यमंत्री एस के सिंह बघेल ने बाबा फौजदारी दरबार में लगाई हाजिरी



बासुकीनाथ : सोमवार को केंद्रीय राज्य मंत्री (पशुपालन,मत्स्य पालन एवम डेयरी मंत्रालय ) सत्यपाल सिंह बघेल ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बाबा बासुकीनाथ मंदिर में हाजिरी लगाई एवम विधि विधान से बाबा बासुकीनाथ का पूजा अर्चना कर मैया पार्वती एवम शत्रु संहारिणी माता बगलामुखी का भी पूजा अर्चना किया । पूजा संपन्न होने के बाद केंद्रीय राज्य मंत्री ने बाबा बासुकीनाथ जी का आरती भी किया । कुंदन झा एवम उनके सहयोगी आशीष झा ने केंद्रीय राज्य मंत्री श्री बघेल को बाबा बासुकीनाथ जी का नेम निष्ठा से विधिवत पूजा अर्चना कराया । केंद्रीय राज्य मंत्री श्री बघेल ने बाबा बासुकीनाथ से देश के सुख शांति के लिए आशीर्वाद मांगा। केंद्रीय राज्यमंत्री श्री बघेल ने दुमका में संपन्न हुए संविधान गौरव अभियान में भाग लेने के बाद बाबा बासुकीनाथ के फौजदारी दरबार में कड़ी सुरक्षा के बीच पधारे थे । केंद्रीय राज्य मंत्री सत्यपाल सिंह बघेल को बाबा बासुकीनाथ न्यास समिति की ओर से दुमका के एसडीएम एवम बासुकीनाथ मंदिर न्यास समिति के सचिव कौशल किशोर ने बाबा बासुकीनाथ जी का फोटो प्रदान किया । केंद्रीय राज्य मंत्री एस पी सिंह बघेल के साथ दुमका भाजपा के जिला अध्यक्ष गौरव कांत प्रसाद ,जरमुंडी के भाजपा विधायक देवेंद्र कुंवर, एस.डी.एम. कौशल किशोर,जरमुंडी के बीडीओ सह मंदिर प्रभारी कुंदन भगत, सी ओ संजय कुमार एवम दर्जनों भाजपाई कार्यकर्ता तथा पुलिसकर्मी मौजूद थे ।

## लातेहार में दिनदहाड़े चली गोली

लातेहारः जिला मुख्यालय में सोमवार को आपसी जमीन विवाद में एक व्यक्ति को गोली लग गई. गोली लगने से जमीन कारोबारी सदाकत अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गए. उसे गंभीर अवस्था में लातेहार सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां प्राथमिक इलाज के बाद चिकित्सकों ने उसे रिम्स रेफर कर दिया. घटना के बाद पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है.

# नीति आयोग-एवीए की साझेदारी का किया समर्थन

### साहिबगंज जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने का किया वादा

मेट्रो रेज संवाददाता




**साहिबगंज :** एवीए और मंथन 250 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठनों के नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोगी हैं। नीति आयोग बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा व सशक्तीकरण के लिए 12 राज्यों के 73 आकांक्षी जिलों में करेगा एवीए का सहयोग।स्कूल नहीं जा पा रहे बच्चों को शिक्षा और कौशल विकास के अवसरों से और हाशिये के परिवारों को जनकल्याण योजनाओं से जोड़ा जाएगा।मंथन साहिबगंज जिले में बाल अधिकारों और बच्चों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए करता है काम।

बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण के इको सिस्टम को मजबूती देने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए भारत सरकार के नीति आयोग और एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन (एवीए) ने देश के सबसे पिछड़े क्षेत्रों में बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तीकरण तथा अगले एक साल में देश के 104 प्रखंडों के 15,000 गांवों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने के लिए हाथ मिलाया है। इस आशय के मंतव्य पत्र (एसओआई) पर नई दिल्ली में दस्तखत किए गए। नीति आयोग और एवीए की इस साझेदारी का स्वागत और समर्थन करते हुए।मंथन ने कहा कि इस कदम से उनकी कोशिशों को एक नई उर्जा और गति मिली है और वे साहिबगंज जिले को बाल मजदूरी, बाल विवाह, बच्चों की ट्रैफिकिंग और बाल यौन शोषण जैसे बच्चों के खिलाफ सभी तरह के अपराधों से मुक्त कराने के प्रयासों में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। एवीए और मंथन दोनों ही बाल अधिकारों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए देश के 416 जिलों में काम कर रहे 250 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठनों के नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोगी हैं।दो-वर्षीय एसओआई के तहत अगले दो सालों में देश के 73 जिलों के आकांक्षी प्रखंडों के इन गांवों के आर्थिक रूप से बेहद कमजोर उन परिवारों के बच्चे जो शोषण, उत्पीड़न, बाल मजदूरी या बाल विवाह दृष्टि से संवेदनशील हैं, के लिए ₹सुरक्षित बाल ग्राम₹ के रूप में एक सुरक्षा घेरा विकसित किया जाएगा। यह पहल 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए आकांक्षी जिला कार्यक्रम एडीपी के साथ एकरूपता और तालमेल में है, जिसका लक्ष्य देश भर के 112 सबसे अविकसित जिलों में रूपांतरकारी बदलाव लाना है।इस पहल के साथ एकजुटता जताते हुए मंथन के निदेशक बिपलब महतो हुए , उन्हों ने कहा, ह्लहम भारत सरकार के ह्यबाल विवाह मुक्त भारतह्न अभियान पर अमल करते हुए अपने जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिये सतत और अनथक प्रयास कर रहे हैं। एवीए और नीति आयोग की इस साझेदारी से हमारे प्रयासों को और बल मिलेगा। एवीए के साथ मिलकर हम जिले को बाल विवाह मुक्त बने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके साथ ही हम जिले में बाल सुरक्षा के व्यवस्थागत तंत्र को मजबूत बनाने के लिए भी काम करेंगे। साथ मिलकर हम सुनिश्चित करेंगे कि हमारे बच्चों को एक सुरक्षित वातावरण में पुष्पित-पल्लवित होने के अवसर मिलें।इस साझेदारी के तहत देश के सबसे अविकसित व संवेदनशील इलाकों में बच्चियों के सशक्तीकरण और शिक्षा की पारिस्थितिकी को मजबूत करने के लिए एक समग्र और व्यापक रणनीति पर अमल किया जाएगा। बाल विवाह और बच्चों की ट्रैफिकिंग की निगरानी और रोकथाम के लिए सभी लक्षित गांवों में पंचायत स्तर पर लोगों की आवाजाही और विवाहों के ब्योरे दर्ज करने के लिए रजिस्टर रखे जाएंगे। स्कूल नहीं जा पाने वाले बच्चों को शिक्षा और कौशल विकास के अवसरों से जोड़ा जाएगा, जबकि हाशिये के व्यक्तियों और परिवारों को सरकारी जनकल्याण योजनाओं से जोड़ा जाएगा।इस अवसर पर एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के कार्यकारी निदेशक धनंजय टिंगल ने कहा, ह्लआज समाज के सबसे कमजोर वर्गों के सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हम गर्व और कृतज्ञता महसूस कर रहे हैं। साझा प्रयासों से हमारा लक्ष्य 2025 के अंत तक इन प्रखंडों को बाल विवाह मुक्त बनाना और दूसरों के लिए एक मिसाल कायम करना है। यह साझेदारी प्रत्येक बच्चे की सुरक्षा, शिक्षा और सम्मान के अधिकार की रक्षा करने और बाल विवाह जैसे अपराधों के खात्मे की हमारी साझा प्रतिबद्धता का सबूत है। सरकारी निकायों, समुदायों और नागरिक समाज संगठनों राज्य, जिला और प्रखंड जैसे हर स्तरों पर एकजुट होकर काम करने और साझा प्रयासों से सही मायनों में बच्चों की सुरक्षा का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।''नीति आयोग जिला, ब्लॉक और गांव स्तर पर राज्य सरकारों, केंद्रीय मंत्रालयों और अन्य प्रमुख हितधारकों के साथ सहयोग करेगा, जबकि एवीए संवेदनशील परिवारों की पहचान करने, समय पर हस्तक्षेप के लिए जिला प्रशासन, राज्य सरकारों और केंद्रीय मंत्रालयों के साथ सहयोग से वास्तविक समय में कठिनाई का सामना कर रहे प्रत्येक बच्चे और परिवार को राहत की दिशा में प्रगति पर नजर रखने के लिए मजबूत डेटाबेस तैयार करने, चयनित साहिबगंज के सभी प्रखंड में बाल मजदूरी, बच्चों की ट्रैफिकिंग और बाल विवाह सहित बच्चों की शिक्षा और संरक्षण से जुड़े प्रमुख संकेतकों पर जिला प्रशासन के साथ मिलकर काम करेगा।

## साहिबगंज जिले में बेरोजगारी भुखमरी पलायन जैसी विकराल समस्या है : राजकुमार

मेट्रो रेज संवाददाता



**साहिबगंज/बोरियो :** झारखंड मजदूर संघ जिल सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर संघ के केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव लगातार जिले के विभिन्न प्रखंडों में बैठक कर रहे है।वहीं प्रखंड सह अंचल कार्यालय बोरियों के समक्ष झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक प्रखंड कमेटी गठन को लेकर मनोज मुर्मू की अध्यक्षता में बैठक किया गया।इस बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव मौजूद रहे।बैठक में केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने कहा कि साहिबगंज जिले में बेरोजगारी भुखमरी पलायन जैसी विकराल समस्या है ऐसी समस्याओं से निजात दिलाने के लिए स्थानीय मजदूरों में एकता असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का हक और अधिकार की रक्षा करना संघ का उद्देश्य है।बैठक में प्रखंड स्तरीय कमिटी की घोषणा की गई।जिसमे प्रखंड अध्यक्ष सोमाय मरांडी,कार्यकारी अध्यक्ष सुंदर पहाड़िया,उपाध्यक्ष आशुतोष सोरेन,मृत्युंजय रुज, महामंत्री मनोज मुर्मू,संयुक्त मंत्री अविनाश मुर्मू,सहायक मंत्री बीरेंद्र हंसदा,मेसा पहाड़िया कार्यालय मंत्री फिल्फ बासकी,कोषाध्यक्ष पिनाकी सेन,संगठन मंत्री रसका चौड़े,सदस्य मनिंद्र हंसदा,छोटा बबलु पहाड़िया,रमा पहाड़िया को बनाया गया।बैठक में फुल कुमारी,महेंद्र ठाकुर,मनोज सोरेन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## विद्यालय एवं कॉलेज में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाया

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** सड़क सुरक्षा माह 2025 के उपलक्ष में आज साहिबगंज जिले के सभी प्रमुख विद्यालयों में सड़क सुरक्षा स्कूल कॉलेज जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम किया गया व सड़क सुरक्षा पैदल रैली का आयोजन किया गया।सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से साहिबगंज जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 का आयोजन किया गया है।साहिबगंज जिले के प्रमुख विद्यालय, कॉलेज में सड़क सुरक्षा को लेकर क्विज प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बोरियो प्रखंड के राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय में सड़क सुरक्षा स्कूल जागरूकता कार्यक्रम के साथ पैदल रैली बोरियो प्रखंड में निकला गया।सभी विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा को लेकर जानकारी दी गई ।साथ ही सड़क सुरक्षा का सपथ दिलाया गया। सभी बच्चों को यह हिदायत दी गई की सड़क सुरक्षा मानकों का पालन करें। स्कूल आते समय आपके परिजनों को हेलमेट सीट बेल्ट लगाने को निश्चित तौर से कहे, अपने परिजनों को नशे की हालत में वाहन ना चलाने को कहे। साथी स्कूल बस




अथवा टोटो ऑटो में विद्यालय आते समय अपने हाथ पांव या सर को वाहन के बाहर ना करें सुरक्षा नियमों का पालन करें एक आदर्श जागरुक एवं नेक विद्यार्थी बनकर देश का भविष्य बने। साथ ही चित्रकला प्रतियोगिता, क्विज एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं विजेताओं को पुरुस्कृत किया गया। इस मौके पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह सड़क सुरक्षा योद्धा समाज सेवी ओम प्रकाश पंडित बोरियो थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी के साथ रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज पराशर आईटी सहायक राजहंस एवं विद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।

## समय-समय पर आचार्यों के प्रशिक्षण पर चर्चा

मेट्रो रेज संवाददाता



**साहिबगंज :** सोमवार को विद्या भारती विद्यालय,जमुनादास केदारनाथ चौधरी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर साहिबगंज में साहिबगंज विभाग के प्रधानाचार्यों के बैठक का आयोजन किया गया।बैठक का आरंभ तीन बार ओंकार के पाठ के साथ हुआ।बैठक में विद्या विकास समिति,झारखंड की सदस्या एवं स्थानीय समिति सचिव डॉ मृदुला सिंह एवं साहिबगंज के विभाग सह प्रमुख रमेश कुमार उपस्थित थे।बैठक में सत्र 2024-25 में विद्यालयीन कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी सत्र 2025-26 में नए नामांकन की योजना बनाई गई।आगामी सत्र 2025-26 के वार्षिक बजट तैयार करने की चर्चा की गई।सत्र 2024-25 का अंकेक्षण समय पर पूर्ण करने पर चर्चा की गई।आचार्य शैक्षिक कौशलता लाने के लिए समय-समय पर आचार्यों के प्रशिक्षण पर चर्चा की गई।भैया/बहनों के सर्वांगीण विकास के लिए संकुल स्तरीय व्यक्तित्व विकास वर्ग आयोजित करने की योजना बनाई गई।बैठक में संकुल संयोजक एवं सचिव कोटालपोखर विद्यालय भवेश कुमार साह,रामदेव राम,प्रमोद कुमार आजाद,तुलसी मंडल,योगेश प्रसाद,बापीन दास,कुशल कुमार आचार्य,सुरेश प्रसाद,हेमा कुमारी,राहुल

## प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला में कुल 18 स्टॉल लगाए जाएंगे : डॉ.सुनील कुमार सिंह

दुमका : जिले के जरमुंडी प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.सुनील कुमार सिंह ने एक भेंट में कहा कि 22 जनवरी बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा. प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला में कल 18 स्टॉल लगाए जाएंगे. जानकारी उपलब्ध कराते हुए उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मेला में विभिन्न रोगों की जांच , एक्स-रे एवं निःशुल्क दवाई का वितरण किया जाएगा. जिले से रोगियों की स्वास्थ्य जांच के लिए डॉक्टर को बुलाया गया है. साथ ही मारवाड़ी युवा मंच बासुकीनाथ के द्वारा रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया है. रक्तदान करने वाले लोगों को प्रशस्ति- पत्र एवं दीवाल घड़ी वितरण किया जाएगा. स्वास्थ्य मेला का आयोजन पूर्वाह्न 11:00 से अपराह्न 5:00 तक होगा. क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र कुंवर जी को इस मेले में विशिष्ट अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है. प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए सभी आवश्यक तैयारी पूरी कर

## बदमाशों ने शालीग्राम मंडल की हत्या लूटपाट के बाद गोली मार कर दी गई थी : एसपी

मेट्रो रेज संवाददाता



**साहिबगंज :** आरक्षीअधीक्षक कार्यालय में तीन पहाड़ में हुए पेट्रोल पंप मालिक की हत्या के संदर्भ में प्रेस कॉन्फ्रेंस आरक्षी अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने बताया की 2 दिसम्बर 2024 को तीनपहाड़ थाना अंतर्गत लालबान में अज्ञात बदमाशों ने शालीग्राम मंडल की हत्या लूटपाट के दौरान गोली मार कर कर दी गई थी। उक्त कांड के उद्भेदन व बदमाशों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक ने एसआईटी का गठन किया था। गहन अनुसंधान के पश्चात एसआईटी ने 19 जनवरी को इस घटना को अंजाम देने वाले सभी बदमाश की गिरफ्तारी कर ली। घटना में प्रयुक्त हथियार, बाइक व मोबाइल फोन को बरामद किया गया है। बदमाशों ने रांगा थाना में कांड संख्या 110/24 आमझोर, तालझारी सीमा के पास दिनांक 20, अक्टूबर 24 को 144000 रुपये की लूट कांड में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। इस कांड के उद्भेदन को लेकर तीन पहाड़ थाना प्रभारी का एक अपराधी को पकड़ने के क्रम में जबरदस्त चोट आने के बावजूद भी उन्होंने अपराधियों को धरदबोचा आरक्षी अधीक्षक श्री अमित कुमार सिंह ने इसकी भी प्रशंसा की साथ ही मौजूद टीमों को धन्यवाद दिया

गिरफ्तार अपराधी

इंताज अंसारी 26 तलबड़िया रांगा थाना,सकल सोरेन35दुगार्पुर थाना तीनपहाड़,लखन टूडू 36 बड़ा दुगार्पुर तालझारी,ठाकुर सोरेन 32, वृंदावन, सड़क टोला, तीनपहाड़।

या क्या हुआ जब्त

एक देसी कट्टा,इंताज से बरामद बाइक जेएच 18जे5513,सकल सोरेन के पास से बरामद बाइक ठाकुर सोरेन से बरामद बाइक 5-3 मोबाइल फोन

आपराधिक इतिहास

सकल सोरेन ,रांगा थाना कांड संख्या 89/15, 86/15, 124/19, लिट्टीपाड़ा थाना कांड संख्या 51/20, अमड़ापाड़ा थाना कांड संख्या 45/20, रांगा थाना कांड संख्या 16/20, पाकुड़ मुफस्सिल 20/18, 138/16, बोरियो थाना कांड संख्या 255/20, बरहेट थाना कांड संख्या 84/20, रांगा थाना कांड संख्या 82/20, लखन टूडूरांगा थाना कांड संख्या 89/15, 86/15, ठाकुर सोरेन बोरियो थाना कांड संख्या 334/20, लिट्टीपाड़ा कांड संख्या 51/20, अमड़ापाड़ा थाना 45/20, रांगा 124/20, बोरियो थाना 255/20, बरहेट थाना 84/20, रांगा थाना 82/20।

कौन कौन था छापामारी में शामिल

राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी, बरहरवा एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल, प्रशिक्षु डीएसपी रूपक कुमार सिंह, राजमहल इंस्पेक्टर श्यामलाल हांसदा, तीनपहाड़ थाना प्रभारी रोहित कुमार, बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार, बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह, राजमल थाना प्रभारी मो गुलाम सरवर, बरहरवा एसआई गुलशन कुमार व तकनीकी शाखा से अभिषेक कुमार व सशस्त्र बल शामिल थे।



## 'भगवान के लिए हमें अकेला छोड़ दो' करीना कपूर का फूटा गुस्सा, बच्चों की प्राइवेसी से जुड़ा है मामला

**कपूर** और पटौदी परिवार इस समय मुश्किल दौर से गुजर से गुजर रहा है। 15 जनवरी को सैफ अली खान पर हुए हमले के चलते सभी काफी परेशान है। एक घुसपैठिया कपल के घर में घुस आया और उसने 1 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी। सैफ बच्चों और परिवार के सदस्यों को बचाने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान घुसपैठिए ने उन पर छह बार चाकू से हमला किया। ये हमला इतना ज्यादा कि उन्हें सर्जरी से गुजरना पड़ा। सैफ को अभी अस्पताल से छुट्टी नहीं मिली है लेकिन वे खतरे से बाहर हैं। इस बीच करीना कपूर का गुस्सा फूट गया है। इसकी वजह तैमूर और जेह से जुड़ा एक वीडियो है हालांकि बाद में उन्होंने अपना पोस्ट डिलीट कर दिया।

दरअसल, हाल ही में कई आईजी पेजों ने एक क्लिप डाली है जिसमें करीना कपूर और सैफ अली खान के घर दो टॉय कार ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में कहा गया था कि वे टॉय कार कपल के बेटों तैमूर और जेह के लिए थे। इस मुश्किल समय में करीना को यह अच्छा नहीं लगा इसलिए उन्होंने गुस्से में अपना रिएक्शन दिया।

करीना ने अपने इंस्टाग्राम स्टेटस पर वीडियो को शेयर किया और एक नोट लिखा हालांकि, करीना ने इस पोस्ट को डिलीट कर दिया। उन्होंने लिखा था-'अब यह सब बंद करो। हिम्मत रखो। भगवान के लिए हमें अकेला छोड़ दो।'

करीना ने दर्ज कराया था बयानः सैफ अली खान की स्थिति थोड़ी स्थिर होने के बाद करीना कपूर ने अपना बयान दर्ज कराया था। अपने बयान में करीना ने बताया कि घुसपैठिए ने कुछ नहीं चुराया जबकि सैफ जहांगीर को बचाना चाहते थे और हमलावर छोटे बच्चे की पहुंच पर था। एक्ट्रेस ने बताया कि उनके पति ने अपने बच्चों और घर में मौजूद महिलाओं को बचाने की कोशिश की। करीना ने यह भी बताया कि वह डर गई थीं और फिर उनकी बहन करिश्मा उन्हें अपने घर ले गईं।

गौरतलब है कि सैफ अली खान को छह बार चाकू घोंपा गया, जिससे उन्हें छह घाव हो गए जिनमें से दो गंभीर थे। डॉक्टरों ने कहा था कि हमलावर ने सैफ पर हमला करने के लिए जिस चाकू का इस्तेमाल किया था उसका एक टुकड़ा टूटकर उनकी रीढ़ की हड्डी से थोड़ी दूर जा लगा सैफ के हाथों और गर्दन पर गहरे घाव थे जिनका प्लास्टिक सर्जरी टीम ने इलाज किया।

## अमिताभ बच्चन ने 83 करोड़ में बेचा अपार्टमेंट



**मेगास्टार** अमिताभ बच्चन ने हाल ही में मुंबई के ओशिवारा में स्थित अपने आलीशान अपार्टमेंट को बेचा है। बिग बी ने 83 करोड़ में इस अपार्टमेंट को बेचा है। उन्होंने लगभग चार साल पहले अप्रैल 2021 में यही प्रॉपर्टी 31 करोड़ में खरीदी थी।स्क्वायर याड्र्स के अनुसार, डुप्लेक्स अपार्टमेंट ओशिवारा में अपस्केल रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट 'द अटलांटिस' क्रिस्टल ग्रुप में स्थित है। जनवरी में मेगास्टार ने यही संपत्ति 83 करोड़ में बेच दी थी जिससे उन्हें 168 प्रतिशत का भारी मुनाफा हुआ था। इस बिक्री लेनदेन पर 4.98 करोड़ का स्टाम्प शुल्क और 30,000 की रजिस्ट्रेशन फीस लगी।

27वीं और 28वीं मंजिल पर है अपार्टमेंटः यह आलीशान डुप्लेक्स अपार्टमेंट कथित तौर पर 5,704 वर्ग फीट के बिल्ड-अप एरिया और 5,185.62 वर्ग फीट के कारपेट एरिया में फैला हुआ है। यह 27वीं और 28वीं मंजिल पर स्थित है। इसमें एक बड़ा-सा टैरेस और छह कार पार्किंग स्पेस है।

कृति देती थी 10 लाख महीना किराया : गौरतलब है कि यह वही प्रॉपर्टी है जिसे बिग बी ने नवंबर 2021 में कृति सेनन को दो साल के लिए लीज पर दिया था। एक्ट्रेस ने इसके लिए 10 लाख प्रति महीने किराया और 60 लाख जमा कराए थे।

साल 2024 में अमिताभ और अभिषेक बच्चन ने ओबेरॉय रियल्टी की प्रीमियम रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट 'इटरनिया' में 10 अपार्टमेंट खरीदे, जो शहर के बीच मुलुंड में स्थित है। कथित तौर पर बच्चन परिवार ने रियल एस्टेट में 100 करोड़ रुपये का निवेश किया है।





# पिता शक्ति कपूर के साथ श्रद्धा कपूर ने जुहू में खरीदा आलीशान अपार्टमेंट, बनी करोड़ों के घर की मालकिन,

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर इस समय अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। श्रद्धा कपूर ने फिल्म 'स्त्री 2' की सफलता के बाद करोड़ों का अपार्टमेंट खरीदा है। जी हां,श्रद्धा कपूर ने अपने पिता शक्ति कपूर के साथ मिलकर मुंबई में करोड़ों की एक प्रॉपर्टी खरीदी है। लग्जरी कार के बाद उन्होंने बड़ा अमाउंट अब आलिशान आशियाने के लिए खर्च किया है। वह अभी अपने माता-पिता के साथ ही रहती हैं लेकिन इस प्रॉपर्टी से कयास लगाए जा रहे हैं कि वह शिफ्ट हो सकती हैं। आइए बताते हैं कि एक्ट्रेस ने अपनी जेब कितनी ढीली की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शक्ति कपूर और श्रद्धा कपूर की इस प्रॉपर्टी की कीमत 6.24 करोड़ है। ये लग्जरी अपार्टमेंट है जिसे उन्होंने इस दाम पर खरीदा है। पीरामल महालक्ष्मी साउथ टावर में ये स्थित है। इसका रजिस्ट्रेशन 13 जनवरी 2025 को हुआ था। 1042.73 वर्ग फुट में फैले इस अपार्टमेंट में दो बालकनी हैं और इसके प्रति वर्ग फुट की कीमत 59,875 रुपए है। पीरामल महालक्ष्मी साउथ टॉवर जो रेस कोर्स और सी-व्यू के लिए मशहूर है।

## अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 री-लोडेड का प्रिंट हुआ लीक, लोग फ्री में ऑनलाइन देख रहे फिल्म

**'पुष्पा 2:** द रूल' 5 दिसंबर, 2024 को रिलीज हुई थी और इसने बॉक्स ऑफिस पर सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जो अब तक सिनेमा की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। रिलीज के डेढ़ महीने बाद भी यह फिल्म सिनेमाघरों में जोरदार प्रदर्शन कर रही है और लगातार बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है। फिल्म को और भी दिलचस्प बनाने के लिए, इसके निर्माताों ने 17 जनवरी को 'पुष्पा 2 रीलोडेड' नाम से फिल्म का एक एक्स्टेंडे वर्जन सिनेमाघरों में रिलीज किया। इस वर्जन में कुछ नई और एक्स्ट्रा फुटेज यानी खास दृश्य जोड़े गए थे। लेकिन, यह फिल्म ऑनलाइन लीक हो गई है। 'पुष्पा 2 रीलोडेड' को तेलुगु और हिंदी दोनों भाषाओं में पायरेसी वेबसाइटों पर लीक



किया गया है। इसके बाद लोग इस फिल्म को लऊ 1080स्त्र, 720स्त्र और 480स्त्र जैसे कई अलग-अलग रिजॉल्यूशन में डाउनलोड कर के देख सकते हैं। इन लीक फिल्म के स्क्रीनशॉट्स सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

**यह ध्यान देने योग्य है कि 'पुष्पा 2:** द रूल' भी रिलीज होते ही ऑनलाइन लीक हो गई थी, लेकिन इसका फिल्म की कमाई पर कोई असर नहीं पड़ा। पायरेसी के बावजूद, फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफलता हासिल की। सिनेमाघरों में दर्शकों की भारी भीड़ है, और फिल्म के टिकट भी बहुत तेजी से बिक रहे हैं। लोग अल्लू अर्जुन के शानदार अभिनय का आनंद ले रहे हैं।

'पुष्पा 2: द रूल' का रनटाइम लगभग 3 घंटे और 20 मिनट था, लेकिन 'पुष्पा 2 रीलोडेड' का नया रनटाइम 3 घंटे और 40 मिनट है, जिसमें 20 मिनट के नए फुटेज जोड़े गए हैं। इस नए वर्जन में कई रोमांचक एक्शन सीक्वेंस और पुष्पराज और एसपी शेखावत के बीच की तीव्र राइवलरी दिखाई गई है, जिससे फिल्म की कहानी और भी दिलचस्प हो गई है।

## 'गेम चेंजर' के प्रोड्यूसर दिल राजू के घर आईटी की रेड,ऑफिस और घर सहित कुल 8 ठिकानों पर हुई छापेमारी



**साउथ** के फेमस फिल्म प्रोड्यूसर और फिल्म डवलपमेंट कॉरपोरेशन (एफडीसी) के चेयरमैन दिल राजू इस वक्त काफी सुर्खियों में हैं। दिल राजू के घर इनकम टैक्स विभाग ने रेड मारी है। दिल राजू हाल ही में अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' की स्क्रीनिंग के दौरान हुई भगदड़ के कारण सुर्खियों में आए थे। उन्होंने इस विवाद को सुलझाने में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं, अब दिल राजू के ऑफिस और घर समेत हैदराबाद में आईटी ने छापे मारे हैं, जिसके बाद वह फिर खबरों में आ गए हैं।

इनकम टैक्स विभाग ने दिल राजू के ऑफिस और घर समेत हैदराबाद में कुल 8 जगहों पर छापेमारी की है, जिसने साउथ फिल्म इंडस्ट्री में हलचल मचा दी है। हालांकि इस बारे में फिलहाल अधिकारियों और दिल राजू की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

**दिल राजू कौन हैं? :** दिल राजू का असली नाम वेलमकुचा वेंकट रमना रेड्डी है। वह तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने प्रोड्यूसर और फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर हैं। हाल ही में उन्होंने फिल्म 'गेम चेंजर' को प्रोड्यूस किया था, जिसमें कियारा आडवाणी और राम चरण मुख्य भूमिका में थे। इसके अलावा दिल राजू की 'महर्षि', 'जानू', 'वी', 'वकील साहब', 'वारिसु', 'थैंक यू', 'जोश', 'परुगु' और 'द फैमिली स्टार' जैसी फिल्मों को प्रोड्यूस कर चुके हैं।

# ऋषभ पंत लखनऊ सुपर जायंट्स के नये कप्तान





**नई दिल्ली:** भारत के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को आईपीएल 2025 से पहले लखनऊ सुपर जायंट्स का नया कप्तान नियुक्त किया गया है। पंत को कप्तान बनाने की घोषणा सोमवार को एलएसजी के मालिक संजीव गोयनका ने की। पंत को एलएसजी ने मेगा ऑक्शन में 27 करोड़ रुपए में खरीदा था। वह आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे प्लेयर हैं। गोयनका ने पंत पर भरोसा जताने की वजह भी बताई। उन्होंने कहा कि पंत में एक जबरदस्त लीडर हैं। वह आईपीएल के सबसे बेहतरीन कप्तान बन सकते हैं। गोयनका कहा कि दिल्ली कैपिटल्स ने जब पंत को रिलीज किया, तभी से उनकी नजर विकेटकीपर पर थी। उन्होंने कहा कि वह पंत को हर हाल में अपनी टीम में शामिल करना चाहते थे।

डीसी ने नीलामी में पंत को लेकर दिलचस्पी दिखाई थी, लेकिन लखनऊ ने अंत तक हार नहीं मानी। गोयनका ने कहा, मुझे पंत में एक जन्मजात लीडर दिखता है। मेरे नजरिए में वह शायद आईपीएल का अब तक का सर्वश्रेष्ठ कप्तान होगा। इस दौरान गोयनका ने भविष्यवाणी भी कर डाली है। उन्होंने कहा, लोग अभी आईपीएल के सबसे सफल कप्तानों की लिस्ट में सिर्फ माही और रोहित का जिक्र करते हैं, लेकिन लिखकर रख लीजिए 10-12 साल बाद लिस्ट में माही, रोहित और ऋषभ पंत होंगे।

रिटेन न करने पर छोड़ा केकेआर का साथः श्रेयस अय्यर ने बताया है कि कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ उनका नाता लैक ऑफ कम्यूनिकेशन के कारण टूटा। श्रेयस ने माना कि उन्हें निश्चित रूप से लगा कि केकेआर उन्हें रिटेन कर लेगी, खासकर तब जब फ्रेंचाइजी ने सीजन खत्म होने के ठीक बाद उन्हें रिटेन करने की बात की थी। हालांकि, रिटेंशन से पहले केकेआर की ओर से कोई प्रयास न किए जाने से वह हैरान रह गए, जिसके कारण आखिरकार उन्होंने अलग होने का फैसला किया।

# टी-20 टीम के उपकप्तान अक्षर पटेल बोले, सिर्फ ओपनर्स फिक्स्ड हैं, बाकी स्लॉट फ्लेक्सिबल

**नई दिल्ली :** भारत की टी-20 टीम के उपकप्तान अक्षर पटेल ने कोलकाता में खेले जाने वाले पहले टी-20 इंटरनेशनल मैच से पहले कहा है कि अभी सिर्फ ओपनर ही फिक्स हैं। अक्षर पटेल ने कहा है कि ओपनर्स को छोडकर कोई भी स्लॉट किसी खिलाड़ी के लिए फिक्स नहीं है। तीन से नंबर सात तक के लिए फ्लेक्सिबल बैटर्स हैं। कोई भी कहीं भी बल्लेबाजी कर सकता है।

ओपनिंग पर संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा नजर आएंगे। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20आई सीरीज की शुरूआत बुधवार से कोलकाता के ईडन गार्डंस में होनी है। बल्लेबाजी क्रम में फ्लोटर होने के बारे में पूछे जाने पर ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने जवाब दिया, यह सिर्फ मेरे बारे में नहीं है; यह टीम में सभी पर लागू होता है।




## मोहम्मद शमी ने कोलकाता में पट्टी बांधकर की प्रैक्टिस



**कोलकाताः** मोहम्मद शमी कोलकाता में अपने बाएं घुटने पर पट्टी बांधकर प्रैक्टिस के लिए उतरे। शमी इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टी-20 सीरीज में टीम इंडिया में शामिल हैं। उनकी 14 महीने के लंबे अंतराल के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी हुई है। इंग्लैंड के खिलाफ शुरूआती मैच से पहले भारतीय टीम ने कोलकाता में तीन घंटे प्रैक्टिस की। शमी ने एक घंटे से अधिक समय तक पूरी लय में गेंदबाजी की।

उन्होंने अपने बाएं घुटने पर पट्टी बांधकर गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल की निगरानी में शुरूआत में छोटे रन अप के साथ धीमी गेंदबाजी की और फिर पूरे रन अप के साथ गेंदबाजी की और गति को बढ़ाया।

न्यूज ब्रीफ



## पंजाब में तरनतारन की सीमा पर ड्रोन बरामद

**जालंधर :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पंजाब पुलिस के संयुक्त प्रयास से तरनतारन सीमा पर एक ड्रोन बरामद किया गया। बीएसएफ के प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि सीमा पर तैनात मजबूत तकनीकी जवाबी उपायों और बीएसएफ तथा पंजाब पुलिस के कठोर प्रयासों से सीमा पार से तस्करी और अवैध ड्रोन की घुसपैठ के प्रयासों को विफल कर दिया गया। उन्होंने बताया कि बीएसएफ के जवानों ने पंजाब पुलिस के साथ मिलकर एक खुफिया जानकारी के आधार पर तलाशी की, जिसमें तरनतारन जिले के गांव-डल से सटे एक खेत से सोमवार शाम को एक डीजेआई एयर 3 ड्रोन बरामद किया।

## राजद सांसद संजय यादव से मांगी गयी 20 करोड़ रुपये की रंगदारी, मामला दर्ज

**पटना:** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राज्यसभा सदस्य संजय यादव ने रविवार को आरोप लगाया कि एक व्यक्ति ने फोन करके उनसे 20 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी है। यादव ने कहा कि फोन करने वाले ने पैसे न देने पर उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी है।

पुलिस ने इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर ली है। यादव ने बताया, शनिवार को एक व्यक्ति ने मुझे कॉल करके रंगदारी के तौर पर 20 करोड़ रुपये मांगे। उसने मुझे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी। मैंने इस संबंध में सचिवालय थाने में एक शिकायत दर्ज कराई है। हालांकि, उन्होंने कॉल करने वाले का नाम बताने से इनकार कर दिया। सचिवालय थाने के प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि सांसद की शिकायत के आधार पर एक प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।


## रिटायर्ड एडीएम की गेस्ट हाउस में हत्या, खून से लथपथ शव बरामद, पुलिस महकमे में हड़कंप

**कासगंज :** यूपी के कासगंज में एक सनसनीखेज वारदात में एक रिटायर्ड एडीएम की हत्या कर दी गई है। शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव मामों स्थित मीनाक्षी गेस्ट हाउस में गेस्ट हाउस के मालिक, रिटायर्ड एडीएम राजेन्द्र कुमार का शव खून से लथपथ हालत में मिला। इस घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। रिटायर्ड एडीएम राजेन्द्र कुमार अपनी सेवानिवृत्ति के बाद से कई वर्षों से अपने गांव में ही रह रहे थे। वे अपने गांव के पास हाईवे किनारे मीनाक्षी गेस्ट हाउस का संचालन कर रहे थे। मंगलवार की सुबह उनका शव गेस्ट हाउस परिसर में खून से लथपथ पाया गया। घटना की सूचना मिलते ही कासगंज कोतवाली और सोरों कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। एसपी, एएसपी और सीओ सिटी समेत उच्च अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस मामले की गहनता से छानबीन कर रही है और हत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। अभी तक हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। इस घटना ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है और पुलिस प्रशासन पर जल्द से जल्द दोषियों को पकड़ने का दबाव बढ़ गया है।

## जहरीली शराब पीने से सात लोगों की मौत, जांच के आदेश

**पटना:** बिहार के पश्चिम चंपारण जिले में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से सात लोगों की मौत हो गई, जिसके बाद प्रशासन ने जांच के आदेश दिए हैं। अधिकारी ने बताया कि पुलिस को मौतों के बारे में रविवार को पता चला, हालांकि पहली मौत चार दिन पहले हुई थी और सभी सातों के शवों का अंतिम संस्कार पहले ही किया जा चुका था। जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) शौर्य सुमन ने बताया कि सभी मौतें लौरिया थाना क्षेत्र में हुई हैं। स्थानीय लोगों ने मौतों के लिए जहरीली शराब को जिम्मेदार ठहराया, लेकिन एसपी ने कहा कि दो व्यक्तियों की मौतों के पीछे की वजह शराब नहीं थी। सुमन ने बताया कि एक व्यक्ति को एक ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी थी, जबकि दूसरे को लकवा मार गया था। सुमन ने से कहा, पहली मौत 15 जनवरी को हुई थी, हालांकि हमें घटना के बारे में आज ही पता चला। शेष पांच मौतों का कारण स्पष्ट नहीं है, क्योंकि पुलिस को सूचित किए जाने से पहले ही सभी सात शवों का अंतिम संस्कार कर दिया गया था। हमने मौतों के कारणों का पता लगाने के लिए एक जांच टीम का गठन किया है। पश्चिम चंपारण के उप विकास आयुक्त (डीडीसी) सुमित कुमार ने कहा कि मौतों के कारणों का पता लगाना मुश्किल है क्योंकि सभी शवों का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। कुमार ने बताया, जांच टीम को 24 घंटे के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि टीम पिछले तीन-चार दिनों में लौरिया में मरने वालों की पहचान का पता लगाएगी। मृतकों में से एक के परिजन ने बताया, मेरे भाई प्रदीप ने अपने दोस्त मनीष के साथ शराब पी थी। दोनों की मौत हो गई। अप्रैल 2016 में नीतीश कुमार सरकार ने बिहार में शराब की बिक्री और खपत पर प्रतिबंध लगा दिया था।

## सियासी हलचल तेज : शरद पवार से मिले उद्धव ठाकरे, महाविकास अघाड़ी में कलह के बीच डेढ़ घंटे तक बातचीत



**एजेंसी/ मुंबई:** मुंबई में सोमवार (20 जनवरी) को एनसीपी (स्क्क) प्रमुख शरद पवार और शिवसेना (क्र्ज्ञ) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के बीच मुलाकात हुई है। सिल्वर ओक बंगले में दोनों के बीच करीब डेढ़ घंटे तक बैठक हुई। इस दौरान शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत और विधायक आदित्य ठाकरे भी मौजूद थे। बैठक के बाद उद्धव ठाकरे मातोश्री के लिए रवाना हो गए। रिपोर्ट के मुताबिक इस मुलाकात में दोनों नेताओं ने महाविकास अघाड़ी की भविष्य की रणनीति पर चर्चा की। साथ ही सरपंच संतोष देशमुख और सोमनाथ सूर्यवंशी की हत्या के मामले में दोषियों को सख्त सजा देने की मांग को लेकर 25 जनवरी को मुंबई में जन आक्रोश मोर्चा निकाला जाएगा। बैठक में इस पर भी चर्चा हुई कि जन आक्रोश मोर्चा में महाविकास अघाड़ी की वास्तविक भूमिका क्या होगी? कुछ दिन पहले शिवसेना (यूबीटी) ने घोषणा की थी कि वह आगामी स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़ेगी। इसके बाद कांग्रेस ने भी प्रतिक्रिया दी। इसके अलावा शरद पवार की एनसीपी (स्क्क) ने भी मुंबई नगर निगम चुनाव के लिए 50 सीटों पर उम्मीदवार उतारने की तैयारी में हैं, इसलिए राजनीतिक गलियारों में इस बात को लेकर चर्चा होने लगी कि क्या महाविकास अघाड़ी में टूट चुका है? उधर, सत्ताधारी दल भी आगामी चुनाव को लेकर रैलियां आयोजित कर रहे हैं। इस बीच स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर 22 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी. चूंकि यह सुनवाई अपने अंतिम चरण में है, इसलिए संभावना है कि राज्य में जल्द ही स्थानीय निकाय चुनाव होंगे।

शामली में एनकाउंटर

# एक लाख के इनामी बदमाश सहित 4 ढेर, गोली लगने से इंस्पेक्टर घायल

**शामली:** उत्तर प्रदेश में शामली जिले के झिंझाना क्षेत्र में 20-21 जनवरी की मध्य रात्रि में पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने एक सशस्त्र मुठभेड़ में कुख्यात मुस्तफा कग्गा गैंग का इनामी बदमाश अरशद समेत चार शातिर अपराधियों को मार गिराया। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि सहारनपुर में गंगोह क्षेत्रमें बड़ी माजरा निवासी अरशद पर डकैती, हत्या और लूट समेत करीब 17 मामले दर्ज थे। वह सहारनपुर के बेहट थाने में दर्ज डकैती के एक मामले में वांछित था। मुठभेड़ में अरशद के साथ मंजीत, सतीश और एक अज्ञात बदमाश भी मार गिराए गए।



एसटीएफ को गुप्त सूचना मिली थी कि अरशद अपने साथियों के साथ झिंझाना थाना क्षेत्र से गुजरने वाला है। पुलिस ने घेराबंदी की और उन्हें रोकने की कोशिश की। अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने भी मोर्चा संभाला। करीब आधे घंटे तक चली इस मुठभेड़ में अरशद और उसके तीन साथी घायल हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मुठभेड़ के दौरान एसटीएफ टीम का नेतृत्व कर रहे इंस्पेक्टर सुनील गोली लगने से घायल हो गए है। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सहारनपुर और आस-पास के जिलों में अरशद की सक्रियता ने पुलिस को चुनौती दी थी। उसके खिलाफ सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर और हरियाणा के पनपत में विभिन्न धाराओं के तहत मामले दर्ज थे, जिनमें 302 (हत्या), 395 (डकैती), 397 (आर्म्ड डकैती), और गैंगस्टर एक्ट जैसे गंभीर अपराध शामिल थे।

एसटीएफ अधिकारियों ने बताया कि अरशद जैसे खतरनाक अपराधी का खात्मा कानून-व्यवस्था को बनाए रखने की दिशा में एक बड़ी सफलता है। उन्होंने कहा कि यह मुठभेड़ उत्तर प्रदेश सरकार की अपराध मुक्त प्रदेश बनाने की नीति का हिस्सा है। अरशद की मौत के साथ ही मुस्तफा कग्गा गैंग को एक बड़ा झटका लगा है। पुलिस अब अन्य वांछित अपराधियों की तलाश में जुट गई है।

## टिक- टॉक पर ट्रंप का बड़ा फैसला, फिर शुरू होगा ऐप

### राष्ट्रपति ने नए आदेश पर किया साइन

**एजेंसी/वाशिंगटन:** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टिकटॉक को लेकर एक नए कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। आदेश में कहा गया है कि अमेरिका टिकटॉक के स्वामित्व वाली कंपनी बाइटडांस के साथ एक संयुक्त उद्यम में प्रवेश कर सकता है, ताकि इस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के संचालन को फिर से शुरू किया जा सके। यह आदेश टिकटॉक को लेकर बढ़ती सुरक्षा चिंताओं के बीच आया है। श्री ट्रंप ने टिकटॉक को लेकर एक बयान में कहा कि यह सौदा उस पर निर्भर करेगा कि क्या वह इसे मंजूरी देते हैं या नहीं। ठीक है, यह सौदे पर निर्भर करता है।




मेरा मतलब है, मैं यह सौदा नहीं कर सकता, या मैं यह सौदा कर सकता हूं। अगर मैंने इसे मंजूरी नहीं दी, तो टिकटॉक बेकार है, अगर मैं यह सौदा अमेरिका के लिए करता हूं, तो मुझे लगता है कि अमेरिका को टिकटॉक का आधा हिस्सा मिलना चाहिए और बधाई हो! टिकटॉक को एक अच्छा साझेदार मिला, और यह मूल्यवान हो सकता है, आप जानते हैं, यह 500 अरब डॉलर का हो सकता है या कुछ ऐसा ही! मुझे लगता है कि हम टिकटॉक के लोगों के साथ एक संयुक्त उद्यम करेंगे। हम देखेंगे कि क्या होता है। यह बयान श्री ट्रंप ने तब दिया है, जब टिकटॉक और उसके चीन की स्वामित्व वाली कंपनी बाइटडांस को लेकर अमरीका में बढ़ती चिंताओं तथा कानूनी विवादों के बीच अमेरिकी प्रशासन ने अमरीकी ऑपरेशन के लिए एक समाधान की मांग की है। श्री ट्रंप ने पहले ही बाइटडांस से कहा था कि वह टिकटॉक के अमरीकी संचालन को अमरीकी कंपनियों को बेच दें, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्लेटफॉर्म पर किसी भी प्रकार का चीन का प्रभाव न हो और उपयोगकताओं के डेटा की सुरक्षा हो। बता दें कि टिकटॉक भारत में पहले से ही बैन है।

## रेप-मर्डर के दोषी संजय रॉय की उम्रकैद पर उट ममता बनर्जी नाराज, कहा- हम हाईकोर्ट में जाकर..





**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य के आर.जी. कर अस्पताल में जूनियर महिला डॉक्टर के साथ हुए बलात्कार और हत्या के मामले में निचली अदालत के फैसले पर गहरी नाराजगी और आश्चर्य व्यक्त किया है। ममता बनर्जी ने सोमवार को अदालत का फैसला आने के बाद कहा कि यह मामला दुर्लभ से दुर्लभतमह्न मामलों में से एक था और अदालत का यह निर्णय इस दृष्टिकोण से बिल्कुल मेल नहीं खाता कि आरोपी को कड़ी सजा दी जाए। उन्होंने यह टिप्पणी उस फैसले के बाद की, जिसमें अदालत ने बलात्कार और हत्या के आरोपी को मृत्युदंड की बजाय उम्रकैद की सजा दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह फैसला बेहद निराशाजनक था और इस मामले को दुर्लभतम मामलों में गिना जाना चाहिए था, जिसमें दोषी को सख्त सजा मिलनी चाहिए। ममता बनर्जी का यह बयान उस समय आया, जब अदालत ने महिला डॉक्टर की हत्या में दोषी ठहराए गए अपराधी, सिविक वालंटियर संजय रॉय को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। संजय रॉय पर आरोप था कि उसने अगस्त नौ, 2024 को आरजी कर अस्पताल में कार्यरत 31 वर्षीय डॉक्टर के साथ बलात्कार किया और फिर उसकी हत्या कर दी थी।

सियालदह दीवानी एवं फौजदारी न्यायालय के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश न्यायमूर्ति अनुरागन दास ने महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के मामले में कोलकाता पुलिस के संजय रॉय को उम्रकैद की सजा सुनाई। उन्होंने सवाल किया, मुझे पूरा यकीन है कि यह वास्तव में ह्यदुर्लभ से दुर्लभतम मामला है, जिसके लिए फांसी की सजा दी जानी चाहिए थी। अदालत ने कैसे यह निष्कर्ष निकाला कि यह दुर्लभ से दुर्लभतम मामला नहीं था? मुख्यमंत्री ने एक्स पर लिखा, हम इस सबसे जघन्य और संवेदनशील मामले में फांसी की सजा चाहते हैं और इस पर जोर देते हैं। हाल ही में, पिछले तीन-चार महीनों में, हम इस तरह के अपराधों में दोषियों के लिए फांसी या अधिकतम सजा सुनिश्चित करने में सक्षम रहे हैं तो फिर, इस मामले में फांसी की सजा क्यों नहीं दी गई? ममता बनर्जी ने कहा, मेरा दृढ़ विश्वास है कि यह एक जघन्य अपराध है जिसके लिए मृत्युदंड दिया जाना चाहिए। हम अब उच्च न्यायालय में दोषी के लिए मृत्युदंड की मांग करेंगे।

## टीवीएस किंग ईवी मैक्स भारत में लांच, कीमत तीन लाख से भी कम

**नई दिल्ली:** दोपहिया और तिपहिया वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी टीवीएस मोटर कंपनी ने आज अपने कनेक्टेड पैसेंजर इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर, टीवीएस किंग ईवी मैक्स को लांच करने की घोषणा की जिसकी अखिल भारतीय एक्स शोरूम कीमत 2.95 लाख रुपए है। कंपनी के कमर्शियल मोबिलिटी के बिजनेस प्रमुख रजत गुप्ता ने इसे लांच करने के मौके पर कहा , टीवीएस किंग ईवी मैक्स का लॉन्च अंतिम मील कनेक्टिविटी के लिए स्थायी समाधान प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण कदम है। जैसे-जैसे शहरी क्षेत्र बढ़ते जा रहे हैं, स्वच्छ गतिशीलता विकल्पों की मांग पहले कभी इतनी महत्वपूर्ण नहीं रही। टीवीएस किंग ईवी मैक्स में बेहतर आराम और




कनेक्टिविटी के साथ उन्नत इलेक्ट्रिक प्रणोदन का संयोजन है। लंबी दूरी, प्रभावशाली त्वरण और त्वरित चार्जिंग समय का विशिष्ट मिश्रण उच्च अपटाइम की गारंटी देता है, जिससे अधिक यात्राएं संभव होती हैं और फ्लीट ऑपरेटरों सहित ग्राहकों के लिए कमाई की संभावना बढ़ जाती है। वाहन को तुरंत उत्तर प्रदेश, बिहार, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली और पश्चिम बंगाल में लॉन्च किया जा रहा है। यह आने वाले महीनों में पूरे देश में उपलब्ध होगा।

उन्होंने कहा कि सिंगल चार्ज पर 179 किलोमीटर की रेंज, दो घंटे में 80 प्रतिशत चार्ज और 15 मिनट में क्विक चार्जिंग तथा 3.5 घंटे में पूर्ण चार्ज, टीवीएस स्मार्टकनेक्ट जैसी स्मार्ट सुविधाओं के साथ किंग ईवी मैक्स उपयोगकताओं को उनके स्मार्टफोन के जरिए रीयल-टाइम नेविगेशन, अलर्ट और वाहन डायग्नोस्टिक्स प्रदान करता है। यह बेहतरीन प्रदर्शन, आराम और कनेक्टिविटी को एक साथ लाता है, जो इसे आधुनिक शहरी गतिशीलता के लिए एक बेहतरीन विकल्प बनाता है। इसमें 51.2वी लिथियम-आयन एलफपी बैटरी लगी है, जो इसे शहरी आवागमन के लिए एकदम सही बनाती है। 60 किलोमीटर प्रति घंटा की टॉप स्पीड के साथ, यह वाहन अपने केबिन और एगोनॉमिक सीटिंग डिजाइन के जरिए यात्रियों के आराम को अधिकतम करते हुए कुशल यात्रा सुनिश्चित करता है।

# भारतीय सेना के डेयरडेविल्स ने कर्तव्य पथ पर रचा विश्व रिकॉर्ड

**नई दिल्ली:** भारतीय सेना की मोटरसाइकिल राइडर डिस्प्ले टीम डेयरडेविल्स ने 20 जनवरी, 2025 को कत्र्तव्य पथ, नई दिल्ली में एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल करते हुए चलती मोटरसाइकिलों पर सबसे ऊंची मानव पिरामिड का विश्व रिकॉर्ड बनाया। इस अद्भुत प्रदर्शन में सात मोटरसाइकिलों पर 40 जवानों ने मिलकर 20.4 फीट ऊंचा पिरामिड बनाया और विजय चौक से इंडिया गेट तक दो किलोमीटर की दूरी तय की। डेयरडेविल्स भारतीय सेना की कोर ऑफ सिग्नल्स से जुड़ी एक ऐतिहासिक टीम है, जिसने अपने अद्वितीय कौशल और प्रदर्शन से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति अर्जित की है।

इस नवीनतम उपलब्धि के साथ, टीम के पास अब कुल 33 विश्व रिकॉर्ड हैं, जिनमें गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी उनका



नाम दर्ज है। डेयरडेविल्स को इंडिया गेट पर सिग्नल्स फ्रैटर्निटी के सदस्यों ने हेड ऑफ द आर्म ऑफ द कोर ऑफ सिग्नल्स, लेफ्टिनेंट जनरल केवी कुमार की उपस्थिति में भव्य स्वागत किया। इस दौरान टीम को हर्षोल्लास और प्रोत्साहन के साथ सम्मानित किया गया, जिससे उनके मनोबल को और बढ़ावा मिला।

भारतीय सेना ने दिखाई ताकत-सक्षमता:1935 में स्थापित डेयरडेविल्स ने अब तक भारत भर में 1,600 से अधिक मोटरसाइकिल प्रदर्शन किए हैं। उनके प्रदर्शन ने गणतंत्र दिवस परेड, सेना दिवस परेड और कई मिलिट्री टैटू जैसे प्रतिष्ठित आयोजनों में दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया है। उनकी प्रतिबद्धता और अद्वितीय कौशल ने न केवल भारतीय सेना की क्षमता को प्रदर्शित किया है, बल्कि लाखों लोगों को प्रेरित भी किया है। डेयरडेविल्स का यह रिकॉर्ड उनके साहस, अनुशासन और उत्कृष्टता का एक और प्रमाण है। यह उपलब्धि भारतीय सेना की ताकत और सक्षमता को दुनिया के सामने प्रस्तुत करने का एक और गौरवशाली उदाहरण है।

ईडी की बड़ी कार्रवाई

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पंजाब सहित तीन राज्यों में 11 ठिकानों पर छापेमारी, लग्जरी गाड़ियां और नकदी जब्त

**जालंधर :** जालंधर एनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग के एक बड़े मामले में पंजाब, हरियाणा और मुंबई में लगातार 72 घंटे तक छापेमारी की। इस दौरान गुरुग्राम, पंचकूला, जींद, मोहाली और मुंबई सहित 11 जगहों पर कार्रवाई की गई। एऊ ने व्यूनाउ मार्केटिंग सर्विसेज और बिग बॉय टॉयज समेत छह कंपनियों से दो लग्जरी कारें और 3 लाख रुपये नकद जब्त किए हैं।

ईडी ने सोमवार रात को इस कार्रवाई की जानकारी दी। उनके अनुसार, 17 से 20 जनवरी तक चली इस छापेमारी में व्यूनाउ इंफ्राटेक लिमिटेड, बिग बॉय टॉयज, मंडेशी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लैंकडॉट प्राइवेट लिमिटेड, बाइटकैनवास एलएलपी, स्काईवर्स, स्काईलिंक नेटवर्क और इनसे जुड़ी अन्य संस्थाओं के कार्यालयों और आवासीय परिसरों को खंगाला गया। ईडी द्वारा जारी जानकारी में अभी यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि यह मनी लॉन्ड्रिंग का मामला किस विशिष्ट अपराध से जुड़ा है और किन व्यक्तियों के खिलाफ जांच की जा रही है। हालांकि, इतनी बड़ी कार्रवाई और कई राज्यों में एक साथ छापेमारी से पता चलता है कि यह मामला काफी गंभीर है और इसमें बड़ी मात्रा में वित्तीय अनियमितता शामिल होने की आशंका है। ईडी की आगे की जांच से ही इस मामले के और पहलुओं का पता चल पाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### चाईबासा के गुरुमुख सिंह ने रचा इतिहास, कोलकाता में आयोजित कार रैली में 31 वीं बार किया कब्जा




**ज्योति पाठक :** कोलकाता में आयोजित 54 वें स्टेटसमैन भींटेज एवं क्लासिक कार रैली 2025 में अपनी ऐतिहासिक कार ओ आर एम 108 के साथ 31 वीं बार ट्रॉफी पर कब्जा किया। चाईबासा जिला ही नहीं पूरे झारखंड राज्य में अपने भींटेज एवं क्लासिक कार से निरंतर विजेता बनने वाले गुरुमुख सिंह खोखर ने लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी अपना नाम दर्ज कराया है। इनकी इस कार ने निरंतर जीत का इतिहास भी बनाया है।

आज जैसे ही गुरुमुख सिंह अपने भींटेज कार के साथ विजेता घोषित किए गए पूरा माहौल उनके विजेता बनने पर हर्षित दिखाई पड़ा। कोलकाता में आयोजित इस कार रैली में विजेता बनने के साथ ही श्री खोखर ने चाईबासा जिला के साथ साथ झारखंड राज्य को भी गौरवान्वित किया है? इनके इस उपलब्धि पर पूरा चाईबासा जिला और कोल्हान हर्षित है और झारखंड गौरवान्वित है।गुरुमुख सिंह खोखर के इस ऐतिहासिक और शानदार जीत पर बीएम न्यूज उन्हें सम्मानित करेगा उक्त आशय की जानकारी बीएम न्यूज के संपादक विनय मिश्रा ने इस उपलब्धि और जीत पाने वाले गुरुमुख सिंह खोखर के सम्मान में कही ।

श्री मिश्रा ने कहा कि- श्री खोखर इस जिला के ही नहीं पूरे झारखंड राज्य के शान हैं इसलिए इनका सभी जिला वासी पूर्ण रुपेण सम्मान करते हैं।

### बानो सीएचसी केंद्र में स्वास्थ्य मेला का आयोजन कल



सिमडेगा जिला बानो प्रखंड अंतर्गत बानो सी एच सी केंद्र बानो में स्वास्थ्य मेला का आयोजन कल दिनांक 22जनवरी 2025 दिन बुधवार को स्वास्थ मेला का आयोजन किया गया है ।सी एच सी केंद्र बानो के। प्रभारी चिकित्सक डॉ मनोरंजन कुमार ने बताया की बानो प्रखंड के सभी जनताओं एवं ग्रामीणों से अपील की है की बानो सी एच सी केंद्र में अधिक से अधिक संख्या में आ कर अपने अपने स्वास्थ्य की जांच कराए । जिले में टीवी बीमारी का इलाज के लिए अभियान चलाया जा रहा है इसके बारे में भी लोगों को जागरूक करना है और बीमारी निकलने पर ईलाज भी करना है। जिस ग्रामीण का आयुष्मान कार्ड नहीं बना है उनका आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। एवं आभा कार्ड, भी बनाया जाएगा। बानो प्रखंड के जनता एवं ग्रामीण अपनी स्वास्थ्य की जांचअवश्य कराएसभी प्रकार की जांच निशुल्क होगी जांच कर बीमारियों की चिकित्सा की जाएगी अगर गंभीर बीमारी की पुष्टि होने पर सदर हॉस्पिटल सिमडेगा रेफर की जाएगी । सदर अस्पताल में भी अगर बीमारी की बीमारी की इलाज संभव नहीं होने पर सदर अस्पताल के की सिविल सर्जन द्वारा रिम्स रेफर किया जाएगा और रोगी का बीमारी का इलाज निःशुल्क किया जाएगा ।बानो प्रखंड के सभी नागरिकों एवं ग्रामीणों से अपील है स्वस्थ मेला में आकर अपने स्वास्थ की जांच अवश्य कराए ।

### विधायक ने मुख्यमंत्री से मिलकर समस्याओं से कराया अवगत



**बोकारो :** चंदनकियारी के विधायक उमाकांत रजक ने सोमवार को राज्य के सी एम हेमंत सोरेन से मिलकर चास चंदनकियारी की ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान का अनुरोध किया। इस संबंध में विधायक उमाकांत रजक ने बताया कि चंदनकियारी में रोजगार सृजन, शिक्षा, चिकित्सा, रोड समेत अन्य समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर सी एम हेमंत सोरेन ने आश्वासन दिया कि चंदनकियारी समेत राज्य भर में जनहित से जुड़े मामले का समाधान किया जाएगा। मिली जानकारी अनुसार विधायक ने पर्वतपुर कोल ब्लॉक चालू करने में आ रही परेशानी से सी एम को अवगत कराया साथ ही धनबाद जिले के भौंरा क्षेत्र से अमलाबाद ओपी क्षेत्र के दर्जनों ग्राम पंचायत में ओबी गिराने से हो रही परेशानी से अवगत और इसके निदान की जरूरत बताया जिसपर सी एम ने संतोष जनक जबाव दिया।

### वेदांता ईएसएल ने किया मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन



बोकारो : वेदांता ई एस एल, एक अग्रणी इस्पात निमार्ता ने अपनी स्वास्थ्य सेवा पहल, प्रोजेक्ट आरोग्य के तहत चंदाहा बरगद टोला में एक मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया। यह कैंप एमजेएम अस्पताल और सिटीजन फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया गया था। इसमें सुचारू सेवा वितरण के लिए पांच समर्पित डेस्क थेः पंजीकरण, लैब टेस्ट, दवा, हेल्प डेस्क और चेक-अप डेस्क। इस अवसर पर बोलते हुए, ईएसएल के सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा ने कहा, ह्लवेदान्ता ई एस एल स्टील लिमिटेड समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने में विश्वास रखता है। संगठन द्वारा ऐसा करने के तरीकों में से एक समुदाय के स्वास्थ्य और कल्याण के मुद्दों को हल करने का प्रयास करना है।

## कला प्रेक्षागृह में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

# मौलिक रचनात्मकता और गीत संगीत से सजा आयोजन काफी प्रेरित करने वाला : विजय

**मेट्रो रेज संवाददाता**

आज स्थानीय प्रोजेक्ट बालिका+2 विद्यालय चरपोखरी के, कला प्रेक्षागृह में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। चित्र प्रतियोगिता सह चित्र प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया। तकरीबन 100 चित्रों को कला गैलरी में प्रदर्शित कर एक बेहतर कलात्मक माहौल का प्रयास किया गया है। गीत संगीत और चित्र सृजन से सजा यह कला संगम कि तरह शिक्षकों को बच्चों को काफी उद्वेलित कर रहा था। प्रधानाध्यापक विजय कुमार सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि अपने मौलिक रचनात्मकता और गीत संगीत से सजा आयोजन काफी प्रेरित करेगा छात्राओं को। वरिष्ठ शिक्षक मनोज कुमार ने कला प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि बच्चों छात्राओं में रचनात्मकता विकास जरूरी है और इस तरह के आयोजन से यह संभव है। संगीत शिक्षक प्रमोद कुमार ने समूह गीतों का संयोजन करवाया था। गीत संगीत से एक सांस्कृतिक माहौल सृजित हो गया था। वरिष्ठ प्रखर समझ रखने वाले शिक्षक सिकंदर कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि सबसे जरूरी है छात्राओं में स्थानीय कला संस्कृति का समझ होना। निश्चित रूप से छात्राओं ने मिलकर इस कला संगम को यादगार बना दिया है। चित्र प्रतियोगिता में दो ग्रुप बनाया गया था सिनियर ग्रुप में प्रथम स्थान हासिल किया अमृता कुमारी द्वितीय स्थान शिवानी कुमारी तृतीय स्थान नंदनी कुमारी ने हासिल किया। वहीं जुनियर में प्रथम स्थान ज्योति कुमारी, द्वितीय स्थान रागिनी कुमारी, तृतीय स्थान सुरभि कुमारी ने हासिल किया।



समुह गायन में जसिका कुमारी,बेबी कुमारी, संध्या कुमारी,रितु कुमारी,जानकी कुमारी, प्रियांशु कुमारी ने हिस्सा लिया। निश्चित रूप से गायन भोजपुरिया संस्कार व संस्कृति को ध्यान में रख तैयारी करवाया गया था। चित्रों का अवलोकन व मूल्यांकन सुनित त्रिपाठी, जयगोपाल सिंह व मोहम्मद प्रवेज आलम ने मिलकर किया। अपने संबोधन में सुनित त्रिपाठी ने कहा कि चित्रों में छात्राओं ने कला के उत्कृष्टता को गढ़ा है।जो मानव जीवन के सांस्कृतिक मूल्यों को स्थापित करता है। अपने संबोधन में मुहम्मद प्रवेज आलम ने कहा कि गीत संगीत और चित्र से सजा यह आयोजन चरपोखरी के धरती पर याद रखा जाएगा। कार्यक्रम का विधिवत संचालन चित्रकार रौशन राय ने किया और अपने संचालन क्रम में कहा कला संस्कृति मानव मन मस्तिष्क मिजाज का हिस्सा होता है जिसे बच्चियों ने साबित किया। चित्रों का अवलोकन करते हुए पिंकी कुमारी रिंकी कुमारी ने कहा विद्यालय में इस तरह का सृजनात्मक आयोजन से छात्राओं में एक अलग उर्जा का संचार होता है जो निरंतर जारी रहना चाहिए। चित्र प्रदर्शनी में लगा चित्र भोजपुरिया संस्कृति कोहबर लेखन और पिड़िया लेखन से ज्यादा था। काफी कलात्मक और मौलिक समझ के अनुसार यह प्रदर्शित किया गया था। कार्यक्रम में शामिल व प्रदर्शनी अवलोकन करने वालों में मुख्य पिंकी कुमारी, रिंकी कुमारी, रिंकल कुमारी, प्रीति कुमारी, सुधांशु शर्मा, प्रमोद कुमार, मनोज कुमार,सुनित त्रिपाठी,जय गोपाल सिंह, मुहम्मद प्रवेज आलम, रौशन राय, चर्चिल टैगोर,निरज कुमार मिना देवी सिकंदर कुमार आदि ने आयोजन को काफी सराहा।

# अवैध अफीम की खेती के रोकथाम के निमित्त प्रमण्डलीय आयुक्त, कोल्हान की अध्यक्षता मे बैठक सम्पन्न

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सरायकेला- खरसावां :** अवैध अफीम की खेती के विनष्टीकरण एवं रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत आज सोमवार को डाकबंगला पथ प्रमंडल, खरसावां सभागार मे कोल्हान प्रमंडल स्तरीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रमंडलीय आयुक्त हरि कुमार केसरी ने की। बैठक में रांची जोनल आईजी अखिलेश झा,कोल्हान डीआईजी मनोज रतन चौथे, उपायुक्त सरायकेला-खरसावां रविशंकर शुक्ला, उपायुक्त पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक सरायकेला-खरसावां मुकेश कुमार लूणायत, पुलिस अधीक्षक पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) आशुतोष शेखर, वन प्रमण्डल पदाधिकारी सरायकेला-खरसावां एवं वन प्रमण्डल पदाधिकारी पोड़ाहाट सहित दोनों जिलों के अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहें।

बैठक में सरायकेला-खरसावां एवं पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) जिले में अवैध अफीम की खेती को लेकर चलाए जा रहे अभियान की समीक्षा कर मादक पदार्थो के खरीद



बिक्री एवं परिचालन मे संलिप्त लोगो पर नियम संगत कार्रवाई करने तथा किसानो को अवैध अफीम की खेती के बजाय अन्य वैकल्पिक खेती के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान सरायकेला-खरसावां जिले मे अवैध अफीम की खेती को लेकर की जा रही गतिविधियों के सम्बन्ध मे जानकारी देते हुए उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला नें बताया कि विगत वर्ष की तुलना मे 50% कम खेती हुई है। उन्होंने बताया कि जिले मे अबतक लगभग 214 एकड़ अवैध अफीम की खेती को स्थानीय प्रशासन के द्वारा विनिष्टिकरण किया गया है। उपायुक्त नें कहा कि अभियान के तहत अबतक 13 प्राथमिकी दर्जकर दो लोगो को अरेस्ट भी किया गया है। जिले के विभिन्न क्षेत्र मे अवैध अफीम खेती को चिन्हित किया गया है जिसके विनष्टीकरण हेतु अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। उपायुक्त नें कहा कि अभियान के तहत अफीम खेती का विनिष्टीकरण के साथ साथ किसानो को अन्य वैकल्पिक खेती के लिए प्रेरित कर उन्हें बीज भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

उपायुक्त पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) कुलदीप चौधरी नें बताया की जिले मे अवैध अफीम खेती के विनष्टीकरण अभियान के तहत जिले में (2024 -25 मे) 122 एकड़ खेती का विनष्टीकरण किया है। अभियान के तहत अबतक 11 प्राथमिकी दर्ज की गई है। उपायुक्त ने कहा कि विभिन्न विभागों के साथ समन्वय से कैलेंडर निर्धारित कर नशा मुक्ति तथा अवैध अफीम खेती के विनष्टीकरण के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। बैठक के दौरान जोनल आईजी, रांची अखिलेश कुमार झा नें थानावार अवैध अफीम खेती विनिष्टीकरण के लिए किया जा रहे कार्य तथा आगामी योजनाओं की जानकारी लेकर दोनों जिले मे अवैध अफीम खेती के विनष्टीकरणहेतु किए जा रहें कार्यों की सराहना की तथा सभी विभाग के पदाधिकारियों को बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अवैध अफीम खेती की चिन्हितकरण के लिए आवश्यकता अनुसार ड्रोन का उपयोग करें तथा अफीम खेती के विनष्टिकरण के लिए पर्याप्त सुरक्षा बल साथ लें जाए। श्री झा ने कहा कि प्रभावित क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी एवं अंचलधिकारी स्थानीय ग्राम प्रधान एवं मानकी-मुंडा के साथ बैठक कर अवैध अफीम खेती के विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई तथा अफीम, गांजा जैसे अवैध मादक पदार्थों के प्रयोग से स्वास्थ्य, समाज एवं परिवार पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव से अवगत कराकर किसानो को अन्य वैकल्पिक खेती के लिए जागरूक करने मे सहयोग लें।

## बूथ स्तर तक चलेगा भाजपा का सदस्यता अभियान : लक्ष्मण बड़ाईक



### संविधान की मूल भावना को कुचलने का काम किया कांग्रेस ने : श्रद्धानन्द बेसरा

### पाकरटांड़ मंडल में सदस्यता अभियान एवं संविधान गौरव अभियान चलाया गया

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सिमडेगा :** पाकरटांड़ मंडल में भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन महापर्व सदस्यता अभियान के तहत अभियान चलाया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में सिमडेगा के दोनों विधानसभा में भी सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है कार्यकताओं की बदौलत थी आज भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है जहां पर नेशन फर्स्ट की विचारधारा है,मंडल के कार्यकर्ता शक्तिकेन्द्र एवं बूथ स्तर तक जाकर लोगो को भाजपा की विचारधारा को बतलाकर संगठन से जोड़ने का कार्य करें।

बैठक में संविधान गौरव अभियान के जिला संयोजक पूर्व प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लगातार एक ही बात कहती है कि भाजपा देश में संविधान का परिवर्तन करके देश में कब्जा करना चाहती है जबकि देश में अब तक 106 बार संविधान में परिवर्तन हुआ है और कांग्रेस पार्टी के कार्यकाल में सबसे अधिक 80 से अधिक बार संविधान में संशोधन किया गया है कांग्रेस ने संविधान के मूल स्वरूप में छेड़छाड़ की 1973 में 13 जजों की कमेटी ने यह बात स्पष्ट की थी कि संविधान में परिवर्तन समय के अनुसार होता है लेकिन उसके मूल स्वरूप में छेड़छाड़ नहीं होनी चाहिए बावजूद इसके तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल में 1976 में संविधान का 42 वां संशोधन किया गया।

साथ ही विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और सहयोग के प्रति पाकरटांड़ मंडल के कार्यकताओं एवं मतदाताओं का आभार व्यक्त भी किया गया मौके पर सदस्यता अभियान के जिला संयोजक रवि गुप्ता, सहसंयोजक तुलसी कु साहू, दीप नारायण दास, महामंत्री दीपक पुरी , पूर्व मंडल अध्यक्ष मनिंदर बिनझिया, महामंत्री सीताराम प्रसाद, दिनेश साहु, हुन्दू साहु, मुकेश कोटवार आदि।

# सुदूरवर्ती गांव की महिला समूह मशरूम उत्पादन कर बनी आत्मनिर्भर

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा जिले के बोलबा प्रखंड में सुदूरवर्ती कादोपानी गांव की महिला मंडल के सदस्यों ने विगत वर्ष 2023 में फ्ऱएळक सिमडेगा में मशरूम उत्पादन के संबंध में ट्रेनिंग ली। ट्रेनिंग लेने के उपरांत उन्हें बीज एवं उत्पादन सामग्री की जरूरत हुई। चूँकि गांव में जलछाजन विभाग का कार्यक्रम भी चल रहा था समूह की बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया की बीज के लिए जलछाजन विभाग से संपर्क किया जायेगा। तदोपरांत समूह ने जलाछाजन विभाग से बीज की डिमांड रखी जिसे विभाग ने पूरी की, अब गांव के दो समूह ने ट्रायल बेसिस पर कुमुदिनी दीदी के घर में उत्पादन शुरू की मशरूम उत्पादन की सफलता को देखकर समूह की अन्य दीदी भी उत्साहित होकर उत्पादन करने का निश्चय किया अब दो समूह क्रमशः लक्ष्मी आजीविका स्वयं सहायता समूह एवं शिव आजीविका स्वयं सहायता समूह की दीदियां कुमुदिनी आमद, कनक देवी, बागेश्वरी आमद, रुक्मणि देवी, संतोषी देवी, विंध्य देवी एवं अन्य मशरूम का उत्पादन कर रही हैं। मशरूम के लिये बाजार आसानी से उपलब्ध होने के कारण आसानी से बिक्री होने लगी। सभी दीदियां अगले साल से वृहद रूप से उत्पादन करने का निश्चय किया है क्योंकि उनका गांव जंगल के अन्दर पड़ता है रोजगार की कोई सुविधा नहीं है रोजगार के नाम से सिर्फ छः माही कृषि फिर वनोत्पाद के अलावा कुछ भी नहीं है ऐसे में दीदी का कहना है कि मशरूम हमें कम मेहनत में आमदनी का सुलभ साधन हो गया



है। इनका वे खुद उपयोग कर अच्छी प्रोटीन तो मिलती ही हैं ऊपर से रोजगार के लिए यह एक अच्छा साधन है। मशरूम उत्पादन एवं बिक्री कर उन्हें सम्मानजनक आजीविका का साधन भी मिल गया है। मशरूम का उत्पादन कर लोकल बाजार में अच्छा दम मिल जाता है। सिमडेगा एवं राउरकेला जैसे टाऊन में चार सौ रुपए किलोग्राम तक बेच पाती हैं। मशरूम उत्पादन में संलग्न सभी दीदियां 12000-15000 रुपये तक कि कमाई आसानी से कर रही है। उपरोक्त आशय से स्पष्ट है कि समूह की महिलाओं द्वारा मशरूम उत्पादन करना कादोपानी जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्र में निश्चित ही मिल का पत्थर साबित हुआ है।

### ग्रामीण स्कूलों में शिक्षकों की बहाली करने की मांग

**बोकारो :** बोकारो विधायक श्रीमती श्वेता सिंह ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर रही थी तभी बहुत सारे ऐसे गांव थे जहां के स्कूलों में शिक्षकों की बहुत कमी थी जिसके कारण इन क्षेत्रों में निवास करने वाले छात्र छात्राओं को पढ़ाई करने में काफी परेशानी झेलनी पड़ती थी। पर्याप्त शिक्षक नहीं होने के कारण स्कूलों के संचालन के साथ ही शिक्षा का गति अवरुद्ध होती रही है शिक्षा हर एक नागरिक का मौलिक अधिकार है इसलिए इस गंभीर मामले को व्यक्तिगत रूप से देखते हुए इस विषय के निमित दिसंबर 16 तारीख 2023 को जिला उपायुक्त बोकारो एवं झारखंड प्रदेश के शिक्षा मंत्री राम दास सोरेन को पत्राचार के माध्यम से अवगत करवाया गया था उक्त मामले में पारदर्शी तरीके से जनहित में सार्थक पहल करते हुए सकारात्मक तरीके से निष्पादन करवाया।

### आयुक्त ने डीएमएफटी के कार्यों का किया समीक्षा, न्यायालय रिकार्ड का किया जांच

**बोकारो :** जिला दौरा पर बोकारो पहुंचे प्रमण्डलीय आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग पवन कुमार ने समाहरणालय स्थित उपायुक्त के कार्यालय कक्ष में जिला खनन फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) की समीक्षा बैठक की। उन्होंने डीएमएफटी के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति के संबंध में पूछा। डीएमएफटी के मैनेजमेंट कमेटी, गर्वनिंग बाडी की कितनी बार बैठक हुई। वित्तीय वर्ष 24 - 25 के लिए न्यास परिषद से विभिन्न सेक्टरों के तहत पारित योजनाओं की जानकारी ली। डीएमएफटी के तहत जरूरतमंद बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर शुरू किए गए कोचिंग संस्थान की व्यवस्था पर प्रसन्नता व्यक्त की एवं अन्य जिलों में ऐसी व्यवस्था शुरू करने के लिए अनुशंसा करने की बात कहीं। प्रमण्डलीय आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग ने उपायुक्त के राजस्व न्यायालय, अपर समाहर्ता के राजस्व न्यायालय, डीसीएलआर चास/बेरमो के राजस्व न्यायालय में पारित आदेशों के रिकार्ड का निरीक्षण किया, जरूरी जानकारी प्राप्त की। मौके पर उपायुक्त विजया जाधव, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, डीसीएलआर चास प्रभाष दत्ता, डीसीएलआर बेरमो मुकेश मछुआ, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# कौन बनेगा करोड़पति ने आज अपने 25 वर्ष किए पूर्ण और मनाया रजत दिवस

**विनय मिश्रा**

भारत के साथ-साथ विश्व की सबसे बड़े गेम शो के रूप में पहचाने जाने वाला गेम शो कौन बनेगा करोड़पति ने आज अपने 25 वर्ष पूरे कर लिए और इस प्रकार से उसने अपने कार्यक्रम का रजत जयंती भी मनाया इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी और मुख्य विशेषता यह रही है कि कौन बनेगा करोड़पति को जिस ऊंचाई और मुकाम पर बिग बी महानायक के नाम से प्रख्यात अमिताभ बच्चन ने अपने सरलता मृदु भाषिता और इस लोकप्रिय कार्यक्रम में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को जिस उत्साह और प्रोत्साहन के साथ बेहतर खेलने के लिए प्रेरित करते हैं वह अपने आप में एक रिकॉर्ड है महानायक अर्थात बिग बी जैसे सरल और मृदु भाषी व्यक्ति के द्वारा इस गेम शो का संचालन निश्चित तौर पर इस कार्यक्रम के लिए मील का पत्थर साबित हुआ है सर्वप्रथम एक करोड़ की राशि से प्रारंभ हुए कौन बनेगा करोड़पति शो में वर्तमान समय में विजेता को 7 करोड रुपए तक दिए जाते हैं । 20 जनवरी वर्ष 2000 में इस कार्यक्रम का प्रारंभ होना और निरंतर सफलता की सीढ़ियां पर चढ़ना इस कार्यक्रम की विशेषता रही यह कार्यक्रम निरंतर कई बार सीजन के अनुरूप चल रहा वर्तमान समय में लोकप्रिय गेम शो अपने आप में प्रसिद्धि और लोकप्रिय के चरम सीमा पर है ।

आज इस कार्यक्रम में 25वें वर्षगांठ पर कौन बनेगा करोड़पति के प्रथम विजेता रहे हर्षवर्धन नहाटे इस कार्यक्रम में शामिल हुए और उन्होंने बिग बी के कार्यक्रम के संचालन की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप जैसे व्यक्ति के कारण है यह गेम शो काफी लोकप्रिय रहा और मैं आपका काफी प्रशंसक हूं और हमेशा रहूंगा अमिताभ बच्चन ने अर्थात सफलता के गारंटी इस कार्यक्रम को काफी लोकप्रिय बनाया और महानायक के रूप में प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करके उनका उत्साहवर्धन भी करते हैं इस कार्यक्रम का भी 25 वर्ष के सफर को सहज रूप से तय करने में महानायक सफल रहे।

